SHRI BAKAR ALI MIRZA (Secondrabad): I want to oppose the motion for extension of time. The Deputy Prime Minister who was Chairman of the Administrative Reforms Commission submitted a special report with a special plea that it should be taken up immediately. Three years have passed and even the preliminary stages have not passed. If the Government can give an assurance that this will be taken up in this session, I have no objection for the extension of time. Since no such assurance is given, I want to oppose this motion. So much mudslinging is going on and it should be brought to an end.

MR. SPEAKER : The question is :

"That this House do further extend the time appointed for the presentation of the Report of the Joint Committee on the Bill to make provision for the appointment and functions of certain authorities for the investigation of administrative action taken by or on behalf of the Government or certain public authorities in certain cases and for matters connected therewith, upto the 29th March, 1969."

The motion was adopted

12.24 hrs.

MOTION OF THANKS ON THE PRESIDENT'S ADDRESS—*Contd.*

MR. SPEAKER: We take up further consideration of the motion of thinks on the President's Address.

I would like to bring to the notice of the hon. Members that we have 4 hours and 50 minutes—the whole of today—for the debate on the president's Address. The Prime Minister will reply tomorrow. But, in the meanwhile, I will have to tell the hon. Members that some parties have still time, 20 to 25 minutes each. Swatantra party has got 23 minutes; Jan Sangh, 24 minutes; DMK, 27 minutes; PSP, 16 minutes, and unattached Members, nearly an hours—57 minutes. Two or three Members came and complained to me that they are not at all getting any chance to speak and some parties, every time, in the name of unattached Members, take up the time. Therefore, I propose to give their due time to the unattached Members and also call the back-benchers who have not spoken at all.

I would also like to appeal to the Congress Members. They have got only one hour and within that one hour, if the hon. Minister wants to intervene, I will not be in a position to provide time separately for him. Kindly excuse the Chair. Do not put the Chair in an embarrassing position. If the Congress party has got one hour and if the Ministers are intervening, you will have to provide a place for them.

श्री रामजी राम (अकबरपुर) : अध्यक्ष महोदय, राष्ट्रपति के अभिभाषण पर चर्चा को मैंने बहुत ध्यानपूर्वक सुना है। अभिभाषण के आखिर में पैरा 35 की ओर आपका ध्यान दिलाना चाहता हूं। उसमें यह कहा गया है कि गांधी जी के सपनों के भारत का निर्माण करें और हर आदमी का दुख दूर करने, हर आंख का आंसू पोंछने की भी कोशिश करें। मुझे अफसोस के साथ कहना पड़ता है कि यहां पर महात्मा गांधी का नाम लिया गया है लेकिन महात्मा गांधी जो चाहते थे, जिस तबके के उद्धार के सिलसिले में उन्होंने अपना जीवन अर्पित किया उसके बारे में यहां इस अभिभाषण में कहीं कोई तस्किरा नहीं है जैसे अछूतों का उद्धार। मैंने देखा यहां दिल्ली में वाल्मीकि मन्दिर है और हरिजन कालोनी है उस वाल्मीकि मन्दिर में जहां महात्मा गांधी रहा करते थे, उसके बगल में ठीक एक तरफ तो यह हिन्दुस्तान जहां सवर्ण हिन्दू रहते हैं और ठीक उसके दूसरी ओर जहां वाल्मीकि निवास करते हैं वह पाकिस्तान सा बना हुआ है। यानी वहां बिलकुल किसी भी ढंग से कहीं भी उसमें न कोई विकास का कार्यक्रम है और न उनको इन्सान बनाने के लिए कोई भी कार्यक्रम वहां लागू किया गया है। अफसोस के साथ कहना पड़ता है कि अछूतोद्धार की

बात तो दूर रही, इन बीस सालों में छुआछूत जो एक जघन्य अपराध घोषित हुआ है उसको दूर करने के लिए न तो इस तरफ के हमारे माननीय सदस्य-गण और न उस तरफ के माननीय सदस्य-गण ने कोई सक्रिय कदम उठाया है। अफसोस के साथ कहना पड़ता है कि इसके ऊपर कहीं भी कोई उल्लेख नहीं है। इसका साफ अर्थ है कि वह तबका हिन्दुस्तान का जो आज भी 17 करोड़ है और जो आज समाज में सभी स्तर पर अछूता छोड़ दिया गया है, जिनकी जिन्दगी आज भी जानवर से भी बदतर है, उसके ऊपर कहीं भी ध्यान नहीं दिया जा रहा है, उनके विकास के सिलसिले में कोई कार्यक्रम नहीं है। मैं यह बात कहना चाहता हूं कि उनमें अधिकतर खेत मजदूर हैं। इसमें खेत मजदूरों की समस्याओं के ऊपर तो कुछ नहीं कहा गया। उसमें यह भी कहा गया है कि 1968-69 में 61 लाख एकड़ और जमीन पर खेती की जायेगी। लेकिन उस जमीन पर खेती करने वाले कौन लोग होंगे? खेती में विकास की बात कही जाती है, उत्पादन की बात कही जाती है। लेकिन मूल रूप में जो खेती में लगे हुए हैं खेत मजदूर उनके विकास की बात और उनको जमीन देने की बात नहीं कही गई है। मैं यह चाहूंगा कि अगर वाकई हमारी यह सरकार और वह माननीय कैबिनेट के हमारे साथी जो हरिजनों का प्रतिनिधित्व करने वाले उसमें मौजूद हैं अगर वाकई में वह इस चीज को चाहते हैं तो यह जरूरी है कि इन चीजों को वह रचनात्मक कार्यक्रम के रूप में पेश करने के लिए सरकार को बाध्य करें वरना वहां से कुर्सी छोड़ कर हट जायं। जैसे हम लोग यहां पर अछूतों की जिन्दगी बिता रहे हैं उनको भी इसी तरह से बिताना चाहिए। यह नहीं हो सकता है कि एक तरफ तो यह 17 करोड़ इन्सान जिनकी हिमायत करने वाले लोग वहां मौजूद हैं, वह सिर्फ यह करके टाल जाते हैं कि उन्हें कुर्सी मिली हुई है और दूसरी तरफ यह 17 करोड़ इन्सान जानवर की जिन्दगी बिता रहे हैं। उनके लिए वर्तमान कार्यक्रम में कोई परिवर्तन नहीं। उनको खेती करने के लिए जमीन देने की कोई व्यवस्था नहीं। आज गांवों में जायं, आप देखेंगे कि सत्तर-सत्तर, अस्सी-अस्सी साल के पेड़ मौजूद हैं। अछूतों की कदीम बस्ती है मगर उनकी आबादी कागजात में दर्ज नहीं की जाती है बल्कि बड़े लोगों की उसमें फसलें दर्ज कर दी जाती हैं और गांव में इस तरह उनका सारा हक छीन लिया गया है। वे आवाज उठाते हैं लेकिन उनकी आवाजों की कोई सुनवाई नहीं है। वे असहाय और निहत्थे इन्सान वहां के बड़े लोगों के ऊपर ज़िन्दा हैं, न उनके पास खेत हैं और न उनके विकास के लिये कोई कार्यक्रम है। इनकी समस्याओं पर खास तौर पर ख्याल किया जाना चाहिये।

परिवार नियोजन की बात कही गई है और बड़े जोर शोर से ढिंढोरा पीटा गया है कि इसमें बड़ी सफलता मिली है। अध्यक्ष महोदय, आप किसी भी एक जिले को ले लीजिये और वहां जो नसबन्दी हुई है, उसके आंकड़े देखिये। जो ज्यादा उम्र के बुढ्ढे हैं, जो उपज कर नहीं सकते, उन्हीं की नसबन्दियां की गई हैं और यहां यह ढिंढोरा पीटा जा रहा है कि नसबन्दी बड़ी कामयाब हुई है। मैं इस बात को चेलेंज करता हूं, आप किसी भी जगह के आंकड़े उठाकर देख लीजिए।

जहां तक भाषा की बात है—उर्दू के बारे में हमारे उस तरफ के कांग्रेसी भाई भी बड़े जोर शोर से बोलते हैं। अध्यक्ष महोदय, मैं राष्ट्रपति महोदय का ध्यान इस बात की तरफ खींचना चाहता हूं कि जब वह राष्ट्रपति नहीं थे, उर्दू के मसले को लेकर 22 लाख दस्खतों को लेकर वह आये थे और कहा था कि उर्दू को इलाकाई ज़ुबान घोषित किया जाय, उसको मान्यता दी जाय और उसकी तरक्की के लिये साधन मुहिया किये जांय। लेकिन मुझे बड़े अफ़सोस के साथ कांग्रेसी भाइयों से कहना पड़ता है, खास कर उस

[श्री रामजी राम]

तरफ बैठने वाले मुसलमान भाइयों से कहना पड़ता है कि जब डा० फरीदी जैसे आदमी मुस्लिम मजलिस जैसी जमायत की नींव डालते हैं तो यहां से लोग उसको तोड़ने के लिये क्यों जाते हैं, लेकिन 22 लाख दस्खतों को लेकर उर्दू को इलाकाई जुवान घोषित कराने की कोशिश करने वाले राष्ट्रपति महोदय ने संविधान की धारा 347 के तहत आज तक उसका कोई एलान क्यों नही किया ? यह बड़े अफसोस की बात है। हाथी के दांत दिखाने के और, खाने के और हैं। सिर्फ हरिजनों के वोट लेकर और मुसलमानों के वोट लेकर, उनको इस्तेमाल करके कांग्रेसी सरकार को बचाये रखने की कोशिश करते हैं।

अध्यक्ष महोदय, मैं बौद्धों की समस्या की ओर भी आपका ध्यान खींचना चाहता हूं। आज अगर कोई अछूत इसाई बनता है तो उसको वही मान्यता मिलती है, अगर कोई रामदासी सिख बनता है तो उसको वही मान्यता मिलती है, लेकिन आज अगर कोई अछूत इन्सान बनने को नया बौद्ध बनता है तो उसको वे सुविधायें नहीं मिलती हैं—मैं सरकार से जानना चाहता हूं कि ऐसा क्यों है ?

अध्यक्ष महोदय, आज बेरोज़गारी, जात-पात और भ्रष्टाचार का बड़ा बोलबाला है। आज चौधरी चरण सिंह का नाम लिया जाता है, लेकिन मुझे अफसोस के साथ कहना पड़ता है कि पिछड़े वर्ग कमीशन की रिपोर्ट अभी भी रद्दी की टोकरी में पड़ी हुई है, जिस पर आज कोई कार्यवाही नहीं की जा रही है, लेकिन आज चौधरी चरणसिंह अगर पिछड़े वर्ग का नाम लेकर उत्तर प्रदेश में हावी होने का नाम लेते हैं तो उसको ये लोग फूटी आंखों देखने की कोशिश नहीं करते हैं। यह चौधरी चरण सिंह का सवाल नहीं है, यह पूरे पिछड़े वर्ग का सवाल है और 17 करोड़ इन्सानों का सवाल है जो अछूतों के रूप में जानवरों से बदतर जिन्दगी बिता रहे हैं। पूरा हिन्दुस्तान अब उनके हाथ में जाने वाला है, उनकी हुकूमत कायम होने वाली है, आज नहीं तो कल, कल नहीं तो परसों कायम होकर रहेगी।

किसी भी देश की उन्नति में सड़कों का बहुत महत्वपूर्ण स्थान है। आज ऐसी बहुत सी पुरानी सड़कें हैं जो गांवों को एक दूसरे से जोड़ती हैं, लेकिन बहुत खराब हालत में पड़ी हुई हैं। मेरे इलाके फैज़ाबाद में बहुत सी शाही सड़कें हैं जो बहुत खराब हालत में हैं और जिनके बनाये जाने के लिए बहुत जोरदार मांग की जा रही है, लेकिन, अध्यक्ष महोदय, हमारी सरकार के कानों पर जूं तक नहीं रेंगती है। जब मैंने यह सवाल उठाया तो कहा गया कि वह चीन के करीब है, अगर चीन ने हमला किया तो क्या हश्र होगा। अगर ऐसी बात है तो आप सड़कें बनाना छोड़ दीजिये, अगर चीन और पाकिस्तान का इतना डर है तो सड़कें मत बनाइये। अध्यक्ष महोदय, ये सड़कें बहुत जरूरी हैं, उस इलाके के विकास के लिए इनका बनाया जाना बहुत जरूरी है। गांव के छोटे-छोटे काश्तकार रोज़ी-रोज़गार के लिए इनके माध्यम से एक जगह से दूसरी जगह जा सकेंगे, आज इन सड़कों के न होने से वे अपनी जगह पर ही बेरोजगार पड़े हुए हैं, उनका कोई विकास नहीं हो रहा है।

आज हिन्दुस्तान के विकास के आंकड़े यह सरकार पेश करती है, प्रति व्यक्ति आय और खर्च के आंकड़े यह सरकार देती है और कहा जाता है कि हिन्दुस्तान की आबादी 51 करोड़ है। अध्यक्ष महोदय, मैं कहना चाहता हूं कि हिन्दुस्तान की आबादी 51 करोड़ नहीं है, हिन्दुस्तान की आबादी सिर्फ 20 करोड़ है और बाकी 31 करोड़ इन्सान जानवरों की तरह से रहते हैं, ये आंकड़े सिर्फ उन्हीं 20 करोड़ लोगों से ताल्लुक रखते हैं, इसलिये मैं इस बात को मानने के लिये

तैयार नहीं हूं कि हिन्दुस्तान की आवादी 51 करोड़ है । यह वेरोज़गारी और मंहगाई, जातिवाद किस की वजह से है, यह सरकार इसकी ज़िम्मेदार है, अगर ये चाहें तो हालात बदल सकते हैं, लेकिन यहां तो सिर्फ फ़र्ज़ अदायगी की बातें होती हैं । फर्ज़ अदायगी की बातें नहीं होनी चाहिये, इनको कार्य रूप में परिणत करने की बातें होनी चाहियें । आज जितनी बातें राष्ट्रपति के अभिभाषण में कही गई हैं, कम से कम उसका आधा तो कार्यरूप में चरितार्थ हो तो भारत का नक्शा बदल सकता है ।

हम समझते हैं कि हिन्दुस्तान की तरक्की हो रही है, हिन्दुस्तान आगे बढ़ रहा है, लेकिन दुनिया के तमाम मुल्कों की तुलना में हिन्दुस्तान इतना बड़ा मुल्क होते हुए भी अभी बहुत पीछे है, ऐसा क्यों हैं ? आज जात-पात की बात कही जाती है, हिन्दू राष्ट्र की बात कही जाती है, हिन्दू-संस्कृति की बात कही जाती है, लेकिन इस हिन्दू संस्कृति, भारतीय संस्कृति की परम्पराओंने इस मुल्क के 17 करोड़ इन्सानों को जानवर बना दिया है, अब आगे यह चीज़ नहीं चल सकती, निकट भविष्य में बहुत जल्दी इसका पर्दा फ़ाश होगा, एक विस्फ़ोट होने वाला है जो इन चीजों को आगे नहीं चलने देगा । बाबा साहब अम्बेडकर का स्वप्न साकार होकर रहेगा ।

डा० सुशीला नैयर (झांसी) : अध्यक्ष महोदय, प्रेसिडेन्ट महोदय ने जो भाषण दिया है, उसके लिये धन्यवाद के प्रस्ताव का मैं समर्थन करना चाहती हूं । बहुत ज़ोर से इस बात की टीका की गई है कि कुछ भी अच्छा होता है तो सरकार उसका श्रेय अपने ऊपर लेती है और यदि कुछ खराब हो जाता है तो दूसरों को उसका दोष देती है । लेकिन, अध्यक्ष महोदय, प्रेज़िडेन्ट महोदय ने अपने भाषण के शुरू में ही कहा है कि जो कुछ भी अच्छा हुआ है, उसका श्रेय जनता को है, बड़ी बहादुरी के साथ लोगों ने काम किया है—

"The manner in which our people faced the difficulties with courage and fortitude is a matter for pride. Without their sacrifice and cooperation, their hard work, their basic good sense and patriotism, the plans and programmes of the Central and State Governments could not have borne fruit."

अध्यक्ष महोदय, किसी ने भी जनता की मेहनत का श्रेय सरकार को देने की कोशिश नहीं की है, इसलिए जनता का जो श्रेय है, वह तो है ही, लेकिन इसके साथ यह भी मानना पड़ेगा कि सरकार की भी ज़िम्मेदारी होती है और सरकार की मदद के बग़ैर जनता का काम कठिन हो जाता है । सरकार ने कुछ काम किया है, कुछ सरकारी नीतियां खेती वगैरह के बारे में, सफल हुई हैं, इस बात को स्वीकार करना होगा । बड़ी खुशी की बात है कि उत्पादन बढ़ा है, नये बीज किसानों को मिले हैं, जिनसे उत्पादन अधिक होता है, किसानों ने भी उन बीजों का इस्तेमाल किया और कर रहे हैं । लेकिन इसके साथ-साथ अगर सरकार थोड़ी और दृढ़ता से, मजबूती से फर्टिलाइज़र और पानी का इन्तज़ाम सबके लिए कर सके तो यह उत्पादन और भी तेज़ी से बढ़ सकता है और जहां आज हम बाहर से गल्ला लाते हैं, हम बहुत जल्दी बाहर गल्ला भेजने वाला देश बन सकते हैं । ऐसा मेरा विश्वास है । इसकी तरफ पूरा ध्यान होना चाहिए । इससे भी ज्यादा मुझे इस बात की तरफ सरकार का ध्यान दिलाना है कि तीन मिलियन टन का बफर स्टाक जल्दी ही बन जायेगा, यह प्रेज़ीडेन्ट साहब ने कहा है । यह बड़ी खुशी की बात है लेकिन जो बफर स्टाक होगा क्या उसको कोई ध्यान से देखेगा भी कि जो पिछले साल का गल्ला हो वह पहले खर्च हो जाये और इस साल का गल्ला पीछे में खर्च हो । यदि नया गल्ला जो आयेगा वही खर्च होता जायेगा तो पुराना गल्ला सड़ता रहेगा । ऐसा हुआ है, इसलिए मैं यह बात कह रही हूं । बफर स्टाक का फायदा हमें तभी मिलेगा जबकि उसको उसी

[डा० सुशीला नैय्यर]

प्रकार से रखा जाये जैसा कि अपने घर में अनाज की देखभाल घर की मालकिन करती है। उसी तरह से कोई मालिक बनकर बफर स्टाक का संग्रह करे और उसका ठीक-ठीक इस्तेमाल हो ताकि जनता को सड़ा हुआ अनाज खाने के लिए मजबूर न होना पड़े। यह आवश्यक है। जैसे कि पहले कई दफा हो चुका है, उस तरह से गल्ला सड़ने न पाये, किसान की यह मेहनत बर्बाद न हो।

मैं एक बात की तरफ और ध्यान दिलाना चाहती हूं। हमारे देश की आमदनी बढ़ी है। यह कहा गया है कि पिछले साल 1393 करोड़ आमदनी बढ़ी है। यह अच्छी बात है लेकिन यह आमदनी कैसे बढ़ी है, इसका क्या इस्तेमाल हुआ है, उसकी तरफ भी ध्यान देने की आवश्यकता है। किसान की भी कुछ आमदनी जरूर बढ़ी है क्योंकि अनाज के दाम सुधरे हैं। लेकिन अनाज से किसान की जो आमदनी बढ़ी है, उसका क्या इस्तेमाल करना है, किस प्रकार से उसका सदुपयोग होना चाहिए, यह देखने की जरूरत है। प्रेजीडेन्ट महोदय ने कहा है :

> "The new prosperity in the rural areas will have to be harnessed to promote further growth, particularly among the smaller farmers and in the relatively backward regions. While encouraging a greater flow of genuine savings to sustain larger investment both in the public and the private sectors, the situation will have to be utilised to strengthen the financial position of both the Centre and the States."

अध्यक्ष महोदय, मैं बड़े अदब से सरकार की तवज्जह आपके द्वारा इस बात की ओर दिलाना चाहती हूं कि देहातों में जो पैसा किसानों की जेब में गया है, वह किसान की बेहतरी के लिए इस्तेमाल किया जाना चाहिये। डिसेन्ट्रलाइज्ड तरीके से प्लानिंग करके उस पैसे से उन लोगों का जीवन सुधारने की कोशिश की जाये। वहां पर खेती-बाड़ी, सड़कों और स्कूलों को सुधारने की कोशिश की जाये तो किसान खुशी से और पैसा देने के लिए तैयार होगा। लेकिन अगर उस पैसे को उससे खींचकर केन्द्रीय और राज्य सरकारों के खाते में जमा करने की कोशिश की जायेगी तो उससे बड़ा रिजेन्टमेन्ट और विरोध होगा और बहुत पैसा आपको मिलेगा भी नहीं। मिसाल के तौर पर मैंने देखा है कि महाराष्ट्र सरकार ने जिला परिषदों से कहा कि सबके लिए पीने के पानी का इन्तजाम करना है लेकिन हमारे पास जितना पैसा है उसमें से हर एक जिले को इतना-इतना ही मिल सकता है। जिला परिषदों ने, जो टैक्स वे लेते थे, उससे दुगुना टैक्स लेकर, दुगुना पैसा वसूल करके लोगों को पानी पिलाया, क्योंकि उनकी समझ में यह बात आ गई कि हमको जनता के लिए यह काम करना है, इतना पैसा सरकार से मिलेगा, इतना पैसा हम लगा दें। अगर सरकार टैक्स दुगना करना चाहती तो इन्कलाब हो जाता। इसलिए जब लोग खुद समझ लेते हैं कि उनके अपने फायदे की चीज़ है तो वे उसे खुद करते हैं। ऐसी हालत में जो किसान का पैसा है वह किसान की ही बहबूदी, किसान की खुशहाली, किसान का देहात का जो जीवन है, उसको सुधारने में लगाया जाये, और अगर यह काम उसके सलाह मश्विरे से किया जाये तो और भी अच्छा काम हो सकेगा। मुझे दुख के साथ कहना पड़ता है कि आज किसानों की जेब में जो पैसा गया है वह बुरी तरह से बह रहा है, बर्बाद हो रहा है। बहुत सारा पैसा तो शराब में बह रहा है। आप पंजाब, हरियाणा और दूसरी कई जगहों पर देखिये। आज दिल्ली में अशोका होटल वगैरह में वे लोग दो-दो, तीन-तीन दिन रहकर अपना पैसा खराब करते हैं। इसलिए बहुत जरूरत है इस बात की कि पूरी कोशिश की जाये कि उचित तरीके से उनके पैसे का इस्तेमाल हो। वह पैसा उनके बच्चों का जीवन सुधारने के लिए, उनका सामाजिक जीवन

सुधारने के लिए और उनका अपना जीवन सुधारने के लिए इस्तेमाल करना वे सीखें।

श्री रामगोपाल शालवाले (चान्दनी चौक): शराब बन्दी के लिए सरकार क्या कर रही है?

डा० सुशीला नैयर: शराब बन्दी के लिए जितना हमसे हो सकता है, वह कर रहे हैं, लेकिन इसमें आपकी भी पूरी मदद और पूरे साथ की आवश्यकता है। जब हम और आप साथ मिलकर करेंगे तभी यह हो सकेगा, केवल एक तरफ से नहीं हो सकेगा। सरकार से भी हमें मिलकर यह काम कराना होगा।

अध्यक्ष महोदय, जहां एक तरफ हमें खाद्यान्न बढ़ाने की आवश्यकता है, वहां दूसरी तरफ पापुलेशन की बढ़ोत्तरी को रोकने की भी आवश्यकता है। प्रेजीडेन्ट महोदय ने कहा है कि इस सिलसिले में काफी काम का फैलाव हुआ है। मुझे दुख के साथ कहना पड़ता है कि इस चुनाव के सिलसिले में कई जगहों पर कई जिलों में मैं गई तो जो प्लान-पब्लिसिटी के लोग थे उन्होंने हमको बतलाया कि जब वे गांवों में जाते हैं तो गांव वाले उनको मार भगाते हैं और कहते हैं कि तुम तो फैमिली प्लानिंग वाले हो चले जाओ। उन लोगों को बतलाने पर और बहुत समझाने पर कि वे फेमिली-प्लानिंग वाले नहीं हैं, प्लान पब्लिसिटी वाले हैं, उनको गांवों में जाने दिया जाता है। ऐसा क्यों हुआ? मैं जानती हूं कि गांवों में परिवार नियोजन का इस किस्म का विरोध पहले नहीं था। मैं एक डाक्टर की हैसियत से गांवों में जाती थी तो बहनें घेर लेती थीं और पूछती थीं "हमें बताइये, कैसे और ज्यादा बच्चे न हों।" अब हमारे काम करने के तरीके में क्या गलती हुई हैं, जिससे यह विरोध खड़ा हुआ है? यह देखने की जरूरत है। आज इस प्रकार का विरोध क्यों होने लगा है? आज प्लान पब्लिसिटी वालों को कहना पड़ता है कि हम फेमिली-प्लानिंग वाले नहीं हैं, तभी उनको गांवों में घुसने दिया जाता है यह क्यों हुआ? कहा जायेगा कि कुछ विरोधियों ने फेमिली-प्लानिंग के खिलाफ बहुत प्रचार किया है। मैं जानती हूं कि जनसंघ ने ऐसा बहुत प्रचार किया है, लेकिन उनके प्रचार से ही इतना विरोध नहीं हो सकता। जरूर कोई न कोई गलती हमारे इस कार्यक्रम इम्प्लीमेन्टेशन में हुई है, हमारे काम करने के तरीके में हुई है। इस चीज को हमें देखना चाहिए, तभी परिवार नियोजन सफल हो सकता है। जो जनता के लीडर्स हैं, जो लोकल लीडरशिप है, अगर उनको साथ लेकर सरकार इस काम को करेगी तब जनता यह समझेगी कि यह उनके घर और परिवार को सुखी बनाने का तरीका है, इसमें उनका अपना ही लाभ है किसी और का नहीं। केवल सरकारी कर्मचारियों से यह काम नहीं हो सकता।

पब्लिक सेक्टर के सम्बन्ध में बहुत सारी बातें कही गईं। पब्लिक सेक्टर में बहुत कुछ अच्छा काम हुआ है, और आगे और भी अच्छा करने की आवश्यकता है। मैं यह कहना चाहती हूं कि जितने भी हमारे पब्लिक सेक्टर प्रोजेक्ट हैं उनका लाभ हमें तभी मिलेगा जबकि हम उनको फुल कैपेसिटी पर चलायेंगे। इस बात की तरफ विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है। अभी कल ही यहां पर फर्टिलाइजर्स की बात हो रही थी। बहुत मेहनत करने के बाद, जो हमारा ट्रावनकोर वाला प्लान्ट है, उसकी 60 परसेन्ट कैपेसिटी इस्तेमाल हो रही है। और प्लान्ट्स में तो इतना भी नहीं हो रहा। तो फुल कैपेसिटी पर उनको कैसे चलाया जाये, इसको देखना होगा। दूसरे यह कि इन पब्लिक सेक्टर प्लान्ट्स में जो टेक्निकल लोग हैं उनको महत्व देने की आवश्यकता है। अगर वे लोग सारा समय, जो आई०ए०एस०एडमिनिस्ट्रेटिव लोग हैं, उन्हीं के नीचे दबे रहेंगे, उनको कोई स्वतन्त्रता नये विचारों को प्रयोग में लाने और योजनाओं को कार्यान्वित करने की नहीं रहेगी

[डा० सुशीला नैयर]

तो टेक्निकल लोगों को जो उत्साह होना चाहिये, प्रेरणा होनी चाहिए वह उन्हें मिल नहीं सकेगी। इस दृष्टि से एडमिनिस्ट्रेशन में सुधार करने की बहुत आवश्यकता है।

यहां पर टूरिज्म और टूरिस्ट्स की बात भी कही गई। इस बारे में मुझे इतना ही कहना है कि हम टूरिस्ट्स जो अपने यहां बुलायें लेकिन जो टूरिस्ट्स हमारे यहां आते हैं वे हिन्दुस्तान को, हिन्दुस्तान की संस्कृति देखने के लिए आते हैं परन्तु हम उनके लिए जहां-तहां विलायत का नमूना बनाने की कोशिश में हैं। यहां तक कि हम यह समझते हैं कि हम शराब पिलायेंगे तभी टूरिस्ट्स यहां आयेंगे। अगर उनको शराब ही पीनी होगी तो अपने घर पर ही पी लेंगे। यहां पर तो वे हिन्दुस्तानियत देखने के लिए आते हैं, यहां की सभ्यता और तौर-तरीका देखने के लिए आते हैं। आप उनको रहने के लिए साफ जगह दो, साफ पानी दो, साफ खाना दो। यह सब चीजें तो हों, लेकिन उसको शराब में बहा देना, गलत है। वे स्वयं भी इस चीज़ को महसूस करते हैं, खास तौर पर जब वे देखते हैं कि उनके साथ जो हिन्दुस्तानी बैठता है उसको शराब नहीं मिलती है, जबकि उनको स्वयं मिलती है। इसमें वे इम्बैरेस्ड फील करते हैं, शर्मिन्दा होते हैं।

अन्त में प्रेजीडेन्ट महोदय ने गांधी जन्म शताब्दी का जिक्र किया है, उसके बारे में भी मैं कुछ कहना चाहती हूं। इस अवसर का लाभ उठाकर हम देश के लिए बहुत कुछ कर सकते हैं। हम अपनी पिछली 20-21 साल की गल्तियों को सुधार सकते हैं अगर हम अन्तर्मुख होकर देखें कि कौन सी गलती की हमने और कहां सही रास्ता छोड़ा। कैसे उसे दुरुस्त करें, इस बात को भी हम देखने की कोशिश करें। शांति की बातें होती हैं लेकिन शांति तो तभी स्थापित हो सकती है जब हम दृढ़ता से फैसला करलें कि अशांति के कारणों को हमें दूर करना है। अशांति के कारणों में जाति-पांति, भाषा वगैरह की समस्यायें हैं। इनको दूर करना कोई मुश्किल नहीं है अगर हम निश्चयपूर्वक, दृढ़ता से काम करें। मैं जानना चाहती हूं कि बम्बई में शांति भंग हुई इसमें क्या हमारा कुसूर नहीं है। हमें जहां फैसला करना चाहिए, वहां फैसला जल्दी क्यों नहीं करते हैं? अगर मैसूर और महाराष्ट्र का बार्डर है तो वह चीन और हिन्दुस्तान का तो बार्डर नहीं है या पाकिस्तान और हिन्दुस्तान का बार्डर नहीं है इतना झगड़ने की, मारपीट करने की क्या जरूरत है? मैं नम्रता से कहना चाहती हूं कि जब आप एक जज को नियुक्त करते हैं फैसला देने के लिए उसके बाद क्या यह उचित है कि आप अपील करें कि दोनों तरफ के नेता बैठकर फैसला करें, शान्ति से झगड़ा निपटायें, इत्यादि। जब आप फैसला देने के लिए एक जज नियुक्त करते हैं तो उस फैसले को स्वीकार क्यों नहीं करते? सरकार का धर्म है कि जो इस प्रकार का जो फैसला हो उसको तुरन्त मंजूर किया जाये।

इसी प्रकार से चंडीगढ़ का सवाल है। इसका फैसला प्राइम मिनिस्टर पर छोड़ा गया है। मैं पूछती हूं कि इसको क्यों लम्बा किया जा रहा है? जो भी फैसला देना हो वह दे दिया जाय अर्थात् यह नगर एक को देना है, दूसरे को देना है या किसी को भी नहीं देना है अविलम्ब तय कर दिया जाना चाहिये। जाहिर है कि वक्त पर फैसला होने से शांति क़ायम रहेगी और जनता को भी पता हो जायेगा कि एक मापदंड से हम सब नापे जाते हैं। अलग-अलग गज से नहीं मापा जायगा। जनता को ऐसा यक़ीन होने से ही शांति बनी रहेगी। हमको गरीब, पिछड़े, दबे हुए और कुचले हुए इंसानों की तरफ़ पूरी तवज्जह देनी होगी। दादा कृपालानी ने ठीक ही कहा है कि क़ानून के ऊपर चल कर ही हम शान्ति कायम रख सकते हैं। इंसान की तरफ़ ध्यान देकर अगर हम अपना निज़ाम चलायेंगे तो हम अवश्य सफल होंगे और देश तेजी से और आगे बढ़ेगा।

श्री गुलाम मुहम्मद बख्शी (श्रीनगर) : जनाब सदर, मैं ऐवान का ज्यादा वक्त न लेते हुए राष्ट्रपति साहब के एड्रेस में जो जो बातें कही गयी हैं उनके मुताबिक सिर्फ इतना कहूंगा कि खुदा करे ऐसा हो ही हो। हिन्दुस्तान तरक्की कर रहा है खुदा करे तरक्की करे। हिन्दुस्तान में अमनोअमान हो और खुशहाली हो, खुदा करे ऐसा हो। बहरहाल मैं उन चीजों में नहीं जाना चाहता हूं। गल्ला ज्यादा पैदा हुआ अच्छा हुआ। अब तिजारत में हम आगे बढ़ रहे हैं अच्छा है। लेकिन दो, तीन बातों की तरफ मैं जनाब की तवज्जह और ऐवान की तवज्जह दिलाना चाहता हूं। जाहिर है कि यह सब बातें तभी हो सकती हैं जबकि मुल्क की इंटेग्रेटी को किसी तरफ से खतरा न हो। न भारत को बाहर से खतरा हो, न पाकिस्तान से हो, न चीन से हो और न ही किसी और बाहर के मुल्क से हो। न ही उसे अन्दरूनी खतरा हो लेकिन अंदरूनी तौर पर हम देख रहे हैं कि बदकिस्मती से पिछले साल में सीमाओं के झगड़े, पानी के झगड़े, सेंट्रल-स्टेट रिलेशनशिप के झगड़े और दूसरे ऐसे झगड़े इतने बढ़ गये कि अगर उनको वक्त पर न रोका जाय और उनको बढ़ने दिया जाय तो हिन्दुस्तान की सालमियत और इंटेग्रेटी को सबसे बड़ा खतरा साबित होगा।

आज कल कुछ ऐसा हो गया है कि प्राबलम्स सामने हैं, हल भी मालूम है लेकिन हिम्मत से काम नहीं लिया जाता है और प्राबलम्स को प्रोलोंग किया जाता है। अगर आज एक प्राबलम है तो कल वही एक प्राबलम दस गुना बढ़ जाती है।

राष्ट्रपति ने इर्शाद फरमाया कि इस साल देश में 4 प्रांतों में मिडटर्म एलेक्शंस हुए। अच्छा हुआ, मिडटर्म एलेक्शंस होने थे। इसका कारण क्या है ? उन्होंने खुद बतला दिया कि यह डिफैक्शंस और गवर्नर्स हैं। अब अगर कांग्रेस पार्टी बरसरे इक्तदार हो और उसके बीस आदमी दूसरी तरफ चले जायें अथवा अपनी कोई दूसरी पार्टी बना लें या युनाइटेड फ्रन्ट पार्टी बरसरे इक्तदार हो और 20 आदमी उसके दूसरी तरफ चले जांय, कहने का मतलब यह है कि इस तरह से पार्टी डिफैक्शंस चलते रहने से किसी भी गवर्नमेंट की स्टेबिलिटी खत्म हो जाती है और हमने देखा कि इस कारण कई राज्यों में सरकारें खत्म हो गयीं। इसमें गवर्नर एक बड़ा कारण रहा है। अब अगर कहीं का गवर्नर अच्छा है तो उसने ऐसा नहीं होने दिया है लेकिन अगर गवर्नर इस किस्म का आदमी है कि वह एक पार्टीकुलर पार्टी को पसन्द करता है या वह उसकी मदद करना चाहता है तो उसका मेंटल एप्रोच भी कुछ ऐसा ही हो जाता है कि वह हर्डलस क्रीएट करके स्टेट को तबाह करता है, डेमोक्रेसी को तबाह करता है और लेजिस्लेचर को तबाह करता है। गवर्नर उसके लिए राष्ट्रपति के पास रिपोर्ट भेजता है कि यहां राष्ट्रपति राज्य लागू करो। हरियाणा, पश्चिमी बंगाल, पंजाब, उत्तर प्रदेश और बिहार के राज्यों में इस तरह से डेमोक्रेसी को खत्म करके राष्ट्रपति शासन लागू किया गया। करीब आधे हिन्दुस्तान को रूल कौन करते थे वह 6 आदमी ही उन पर रूल करते थे। इसलिए मैं आप से अर्ज करूंगा कि यह एक बहुत कंट्रोवर्शियल इश्यू रहा है कि यह गवर्नरों के ओहदे क्या हों। आप देखते हैं कि राष्ट्रपति का चुनाव होता है, उपराष्ट्रपति का चुनाव होता है, पार्लियामेंट का चुनाव होता है और स्टेट लेजिस्लेचर्स का चुनाव होता है और हालांकि राज्यों में गवर्नमेंट्स चलाने के लिए ऐसे आदमियों को लगाया जाता है जिनकी कि काबलियत में मुझे कोई ऐतराज नहीं या जिनकी इंटेग्रेटी या दयानतदारी में मुझे कोई ऐतराज नहीं लेकिन सिस्टम ऐसा है और वक्त आया है जबकि इस सिस्टम को बदल दिया जाय। यह न कहा जाय कि रूलिंग पार्टी किसी एक शख्स को फेवर किया चाहती थी। जनता को यह कहने का

मौका न दिया जाय कि एक ऐसा व्यक्ति जो कि एलैक्शन में हारा, जिसे कि लोगों ने रिजैक्ट कर दिया उसे रूलिंग पार्टी ने गवर्नर बना दिया। **ही वाज मेड गवर्नर ऑफ सच एंड सच स्टेट**। इस चीज को रोकने के लिए मैं जनाब की वसातत से ऐवान में एक सुझाव देना चाहता हूं कि जिस तरीके से राष्ट्रपति का इन्तखाब होता है, जिस तरीके से उपराष्ट्रपति का इन्तखाब होता है उसी तरीके से स्टेट्स के गवर्नर्स का भी इन्तखाब हो। उनका भी एलैक्शन हो और एलैक्टोरल कालिज वही हो जो कि उपराष्ट्रपति के हैं या राष्ट्रपति के हैं। उसमें दिक्कतें कोई न होंगी, उसमें पैसा नहीं पड़ेगा, उसमें खर्चा कुछ नहीं लगेगा सिर्फ इतना होगा कि बजाय दो वोट के शायद 14 वोट एक एक लेजिस्लेचर के मैम्बर को डालने पड़ेंगे। मेरा कहना है कि जब तक यह गवर्नर की पोस्ट कायम रखी जाती है तब तक यह राष्ट्रपति की पोस्ट की तरह से एलैक्टेड हो।

जहां तक यह डिफैक्शंस का ताल्लुक है राष्ट्रपति ने अपने एड्रैस में कहा है कि एक कमेटी बनी है। मुबारक हो लेकिन कमेटी बनाने की एक लम्बी चौड़ी हिस्ट्री है। अंग्रेजों के जमाने से हमने यह देखा है कि सरकार अगर किसी चीज को नहीं करना चाहती है तो वह एक कमेटी बना दिया करती है। फिर वह कमेटी रिपोर्ट देगी और उसके बाद गवर्नमेंट द्वारा उसको स्टडी किया जायगा। इस तरह से उस मामले को लटका दिया जाता है। लटका देने के लिटरल मतलब है **एंड इट**, खत्म कर दो। कहने का मकसद यह है कि इस तरह से मामले को लटकाया जाता है और लम्बा किया जाता है।

रूलिंग पार्टी का यह दावा है कि वह डिफैक्शंस के खिलाफ हैं। मैं उनके इस दावे को सही मानता हूँ लेकिन मेरा कहना है कि वह एक बिल लेकर यहां पर आयें और उसमें यह प्रोवाइड कर दें कि जो शख्स किसी पार्टी से कांग्रेस पार्टी में डिफैक्ट करता है तो उसी वक्त उसकी सीट खाली हो जाय और वह रीएलैक्शन सीक करे। अगर वह ऐसा न करे तो वोटर्स को राइट ऑफ रिकॉल दिया जाय और वह उस शख्स को जोकि एक अमुक पार्टी के मैनीफैस्टो और प्रोग्राम पर लेजिस्लेचर में चुनकर आया है और वह उस पार्टी को छोड़ता है तो उसके लिए यह ला बना दिया जाय कि उसी वक्त उसकी सीट खाली हो जायगी और उसे रीएलैक्शन सीक करना पड़ेगा। ऐसा ला न बनाने के लिए फंडामैंटल राइट्स की बात की जा सकती है तो मेरा कहना है कि वह फंडामैंटल राइट्स आपने 10 साल दबा कर रखे लेकिन उससे कोई हैरानी नही हुई। मैं आप से यह अर्ज करूंगा कि वक्त आया है कि डिफैक्शंस को एलैक्शन ला के तहत करप्ट प्रैक्टिस करार देकर डिफैक्टर को फौरी तौर पर मजबूर किया जाय कि वह अपनी सीट रिजाइन करे।

13 hrs.

आखिरी बात जो मैं एक मिनट में अर्ज करना चाहता हूं वह यह कि राष्ट्रपति ने अपने एड्रैस में मुल्क की तमाम आर्म्ड फोर्सेज के लिए कहा है कि वह प्रौपर ट्रिम में हैं। इसमें कोई शक नहीं है कि मौरेल उनका बहुत ऊंचा रहा है।

राष्ट्रपति ने जो कहा है कि हमने उनकी सर्विसेज की कंडिशन्स में इम्प्रूवमेंट किया है, इससे मुझे इत्तफाक नहीं है। हमारी आर्म्ड फोर्सेज, चाहे लेंड आर्मी हो, चाहे एअर हो या नेवी हो, अपनी जानें मुल्क पर कुर्बान करने के लिये, मुल्क के बचाव के लिए, अपनी-अपनी जगह खड़ी हैं, लेकिन उनके जो इमाल्युमेंट्स हैं जो उनके पेंशन रूल्स हैं, जो उनकी बाकी कंडि-शन्स आफ सर्विस हैं, वह पुलिस, होम गार्ड्स, बार्डर सिक्योरिटी फोर्स और दूसरे लोगों के मुकाबले में खराब हैं। मैं चाहता हूं कि पुलिस को और भी दिया जाये, बार्डर

सिक्योरिटी फोर्स को खुश रखा जाये, दूसरी जो ऐसी फोर्सेज हैं उनको भी खुश रक्खा जाये, लेकिन जहां आर्म्ड फोर्सेज का ताल्लुक है, उनकी तरफ तवज्जह देना भी जरूरी है। पता नहीं कल क्या होता है, कैसी डेवेलप हो रही हैं ईस्ट और वेस्ट में सिचुएशन, चीन क्या करेगा। जब तक हमारी आर्म्ड फोर्सेज प्रापर ट्रिम में नहीं होगी, उनका मोराल ऊंचा नहीं होगा और वह खुश नहीं। मैंने राइट फ्राम 1947 उनको ऐक्शन में देखा है, उनको मरते हुए देखा है, मैं दावे के साथ कह सकता हूं कि **वे आर नाट हैपी** क्योंकि उनकी कंडिशन्स आफ़ सर्विस, उनके सारे इमाल्युमेंट्स और बाकी बातें जो हैं दिल्ली की पुलिस से भी खराब हैं। दिल्ली पुलिस का आदमी चुशूल में लड़ने वाले एक सिपाही से तन्ख्वाह भी ज्यादा लेता है, राशन भी ज्यादा लेता है, वर्दी भी उस को ज्यादा अच्छी मिलती है, हर एक चीज ज्यादा अच्छी मिलती है, और उसको मरने का भी खतरा नहीं है। इसलिये मैं इस ऐवान से आपके जरिये से प्रार्थना करूंगा कि अगर असल में आप चाहते हैं कि आर्म्ड फोर्सेज खुश रहे तो उनकी तरफ आपको तवज्जह देनी चाहिए, उनके इमाल्युमेंट्स बढ़ाये जायें। मैं नहीं चाहता कि दिल्ली के कांस्टेबल को कुछ न मिले, उनको और भी ज्यादा मिलना चाहिये, लेकिन इस महंगाई के जमाने में आर्म्ड फोर्सेज की तरफ भी आपको देखना चाहिये। पुलिस के लिए तो यह है कि अगर यहां पर उनकी फैमिली है तो मकान गवर्नमेंट को देना होता है, लेकिन आर्मी वालों के बारे में मैंने देखा है कि उनकी फैमिलीज हजारों की तादाद में दरबदर फिर रही हैं, उनको कहीं पर भी ठिकाना नहीं मिल रहा है।

[شری غلام محمد بخشی : (شری نگر)] جناب صدر- میں ایوان کا زیادہ وقت نہ لیتے ہوئے راشٹرپتی کے ایڈریس میں جو جو باتیں کہی گئی ہیں ان کے متعلق صرف اتنا کہوں گا کہ خدا کرے ایسا ہی ہو۔ ہندوستان ترقی کر رہا ہے خدا کرے ترقی کرے۔ ہندوستان میں امن و امان ہو اور خوشحالی ہو خدا کرے ایسا ہو۔ بہر حال میں ان چیزوں میں نہیں جانا چاہتا ہوں۔ غلہ زیادہ پیدا ہوا اچھا ہوا۔ اب تجارت میں ہم آگے بڑھ رہے ہیں اچھا ہے۔ لیکن دو تین باتوں کی طرف میں جناب کی توجہ اور ایوان کی توجہ دلانا چاہتا ہوں۔ ظاہر ہے کہ یہ سب باتیں تبھی ہو سکتی ہیں جبکہ ملک کی انٹیگریٹی کو کسی طرف سے خطرہ نہ ہو۔ نہ بھارت کو باہر سے خطرہ ہو نہ پاکستان سے ہو نہ چین سے ہو اور نہ کسی اور باہر کے ملک سے ہو۔ نہ ہی اسے اندرونی خطرہ ہو۔ لیکن اندرونی طور پر ہم دیکھ رہے ہیں کہ بدقسمتی سے پچھلے سال میں سیماؤں کے جھگڑے۔ پانی کے جھگڑے سنٹرل اسٹیٹ ریلیشنشپ کے جھگڑے اور دوسرے ایسے جھگڑے اتنے بڑھ گئے کہ اگر ان کو وقت پر نہ روکا جائے اور ان کو بڑھنے دیا جائے تو ہندوستان کی سالمیت اور انٹیگریٹی کو سب سے بڑا خطرہ ثابت ہوگا۔

آجکل کچھ ایسا ہو گیا ہے کہ پرابلمس سامنے ہیں۔ حل بھی معلوم ہے لیکن ہمت سے کام نہیں لیا جاتا ہے اور پرابلمس کا پرولونگ کیا جاتا ہے۔ اگر آج ایک پرابلم ہے تو کل وہی پرابلم دس گنا بڑھ جاتی ہے۔

[شری غلام محمد بخشی]

راشٹرپتی نے فرمایا کہ اس سال دیش میں ۴ پرانتوں میں مڈٹرم الیکشن ہوئے۔ اچھا ہوا۔ مڈٹرم الیکشن ہونے تھے۔ اس کا کارن کیا ہے۔ انہیں نے خود بتلایا کہ وہ ڈیفکشنس اور گورنرز ہیں۔ اب اگر کانگریس پارٹی برسر اقتدار ہو اور اس کے بیس آدمی دوسری طرف چلے جائیں [اتھوا] اپنی کوئی دوسری ایک پارٹی بنالیں یا یونائٹڈ فرنٹ پارٹی برسر اقتدار ہو اور ۲ آدمی اس کے دوسری طرف چلے جائیں۔ کہنے کا مطلب یہ ہے کہ اس طرح سے پارٹی ڈیفکشنس چلتے رہنے سے کسی بھی گورنمنٹ کی اسٹیبلٹی ختم ہو جاتی ہے اور ہم نے دیکھا ہے کہ اس کارن کئی راجیوں میں سرکاریں ختم ہو گئیں۔ اس میں گورنر ایک بڑا کارن رہا ہے۔ اب اگر کہیں کا گورنر اچھا ہے تو اس نے ایسا نہیں ہونے دیا ہے۔ لیکن اگر گورنر اس قسم کا آدمی ہے کہ وہ ایک پرٹیکولر پارٹی کو پسند کرتا ہے یا وہ اس کی مدد کرنا چاہتا ہے تو اس کا مینٹل اپروچ بھی کچھ ایسا ہی ہو جاتا ہے کہ وہ ہرڈلس کریئیٹ کر کے اسٹیٹ کو تباہ کرتا ہے۔ ڈیموکریسی کو تباہ کرتا ہے اور لیجسلیچر کو تباہ کرتا ہے۔ گورنر اس کے لئے راشٹرپتی کے پاس رپورٹ بھیجتا ہے کہ یہاں راشٹرپتی راج لاگو کرو۔ ہریانہ۔ پچھمی بنگال۔ پنجاب۔ اتر پردیش اور بہار کے راجیوں میں اس طرح سے ڈیموکریسی کو ختم کر کے راشٹرپتی شاسن لاگو کیا گیا اور آپ دیکھئے ہمیشہ سے ان کو رول کون کرتے تھے۔ وہ ۶ آدمی ہی ان پر رول کرتے تھے۔ اس لئے میں آپ سے عرض کروں گا کہ یہ ایک بہت کنٹروورشیل ایشو رہا ہے کہ یہ گورنروں کے عہدے کیا ہوں۔ آپ دیکھتے ہیں کہ راشٹرپتی کا چناؤ ہوتا ہے اپ راشٹرپتی کا چناؤ ہوتا ہے۔ پارلیمنٹ کا چناؤ ہوتا ہے اور اسٹیٹ لیجسلیچرس کا چناؤ ہوتا ہے اور حالانکہ راجیوں میں گورنمنٹس چلانے کے لئے ایسے آدمیوں کو لگایا جاتا ہے جن کی قابلیت میں مجھے کوئی اعتراض نہیں یا جن کی انٹیگریٹی یا دیانتداری میں مجھے کوئی اعتراض نہیں لیکن سسٹم ایسا ہے اور وقت آیا ہے جبکہ اس سسٹم کو بدل دیا جائے۔ یہ نہ کہا جائے کہ رولنگ پارٹی کسی ایک شخص کو فیور کیا چاہتی تھی۔ جنتا کو یہ کہنے کا موقع نہ دیا جائے کہ ایک ایسا ویکتی جو کہ الیکشن میں ہارا جسے کہ لوگوں نے ریجکٹ کر دیا اسے رولنگ پارٹی نے گورنر بنا دیا۔ <u>ہی واز میڈ گورنر آف رچ اینڈ بگ اسٹیٹ</u>۔ اس چیز کو رکنے کے لئے میں جناب کی وساطت سے ایوان میں ایک سجھاؤ دینا چاہتا ہوں کہ جس طریقے سے راشٹرپتی کا انتخاب ہوتا ہے۔ جس طریقہ سے اپ راشٹرپتی کا انتخاب ہوتا ہے اسی طریقہ سے اسٹیٹ گورنرس کا بھی انتخاب ہو۔ ان کا بھی الیکشن ہو اور الیکٹرل کالج وہی ہو جو کہ اپ راشٹرپتی کے ہیں یا راشٹرپتی کے ہیں۔ اس ہمارے دقتیں کوئی نہ ہوں گی اس میں پیسہ نہیں پڑیگا اس میں خرچہ کچھ نہیں لگے گا صرف اتنا ہوگا کہ بجائے دو ووٹ کے شاید ۱۴ ووٹ ایک ایک لیجسلیچر کے ممبر کو ڈالنے پڑینگے۔ میرا کہنا ہے

کہ جب تک یہ گورنر کی پوسٹ قائم رکھی جاتی ہے تب تک یہ راشٹرپتی کی پوسٹ کی طرح ایلیکیٹڈ ہو

جہاں تک ڈیفکشنس کا تعلق ہے راشٹرپتی نے اپنے ایڈریس میں کہا ہے کہ ایک کمیٹی بنی ہے۔ مبارک ہو لیکن کمیٹی بنانے کی ایک لمبی چوڑی ہسٹری ہے انگریزوں کے زمانے میں ہم نے یہ دیکھا ہے کہ سرکار اگر کسی چیز کو نہیں کرنا چاہتی ہے تو وہ ایک کمیٹی بنا دیا کرتی۔ پھر وہ کمیٹی رپورٹ دیگی اور اس کے بعد گورنمنٹ دوارا اس کو امنڈ کیا جائیگا۔ اس طرح سے اس معاملہ کو لٹکا دیا جاتا ہے۔ لٹکا دینے کا لٹرل مطلب ہے کہ اینڈ اٹ ختم کردو۔ کہنے کا مقصد یہ ہے کہ اس طرح سے معاملے کو لٹکا یا جاتا ہے اور لمبا کیا جاتا ہے۔

رولنگ پارٹی کا یہ دعویٰ ہے کہ وہ ڈیفکٹنز کے خلاف ہیں۔ میں ان کے اس دعوے کو صحیح مانتا ہوں لیکن میرا کہنا ہے کہ وہ ایک بل لیکر یہاں پر آئیں اور اس میں یہ پرووائڈ کردیں کہ جو شخص کسی پارٹی سے کانگریس پارٹی میں ڈیفکٹ کرتا ہے تو اسی وقت اس کی سیٹ خالی ہوجائے اور وہ ری الیکشن سیک کرے اگر وہ ایسا نہ کرے تو ووٹرس کو رائٹ آف ریکول دیا جائے اور وہ اس شخص کو جو کہ ایک نامور پارٹی کے مینی فیسٹو اور پروگرام پر لیجسلیچر میں چن کر آیا ہے اور وہ اس پارٹی کو چھوڑتا ہے تو اس کے لئے یہ لاء بنا دیا جائے کہ اس وقت اس کی سیٹ خالی ہو جائیگی اور اسے ری الیکشن سیک کرنا پڑیگا۔ یہ بات نہ

کے لئے فنڈامینٹل رائٹس کی بات کی جاسکتی ہے تو میرا کہنا ہے کہ وہ فنڈامنٹل رائٹس آپ نے ایک سال دبا کر رکھے لیکن اس سے کوئی حیرانی نہیں ہوئی۔ میں آپ سے یہ عرض کروں گا کہ وقت آیا ہے کہ ڈیفکشنس کو الیکشن لاء کے تحت کرپٹ پریکٹس قرار دیکر ڈیفکٹر کو فوری طور پر مجبور کیا جائے کہ وہ اپنی سیٹ ریزائن کرے۔

آخری بات جو ایک منٹ میں عرض کرنا چاہتا ہوں وہ یہ ہے کہ راشٹرپتی نے اپنے ایڈریس میں ملک کی تمام آرمڈ فورسیس کے لئے کہا ہے کہ وہ برابر ٹرم میں ہیں۔ اس میں کوئی شک نہیں کہ مورل ان کا بہت اونچا رہا ہے۔

راشٹرپتی نے جو کہا ہے کہ ہم نے ان کی سروسیز کی کنڈیشن میں امپرومینٹ کیا ہے۔ اس سے مجھے اتفاق نہیں ہے۔ ہماری آرمڈ فورسیز۔ چاہے لینڈ آرمی ہو۔ چاہے ایئر ہو یا نیوی ہو۔ اپنی جانیں ملک پر قربان کرنے کے لئے۔ ملک کے بچاؤ کے لئے اپنی اپنی جگہ کھڑی ہیں لیکن ان کے جو امالیومینٹس ہیں جو ان کے پنشن رولس ہیں۔ جو ان کی باقی کنڈیشنس آف سروس ہیں۔ وہ پولیس۔ ہوم گارڈ۔ بارڈر سکیورٹی فورس اور دوسرے لوگوں کے مقابلے میں خراب ہیں۔ میں چاہتا ہوں کہ پولیس کو اور بھی دیا جائے بارڈر سکیورٹی فورس کو خوش رکھا جائے۔ دوسری جو ایسی فورسیز ہیں ان کو بھی خوش رکھا جائے۔ لیکن جہاں تک آرمڈ فورسیز کا تعلق ہے ان کی طرف توجہ دینا بھی ضروری ہے۔ پتہ نہیں کل کیسا

[شری غلام محمد بخشی]

ہوتا ہے۔ کیسی ڈیولپ ہو رہی ہے ایسٹ اور ویسٹ میں سچویشن۔ چین کیا کرے گا۔ جب تک ہماری آرمڈ فورسیز برابر ٹرم میں نہیں ہوں گی۔ ان کا مورل اونچا نہیں ہوگا اور وہ خوش نہیں ہوں گی۔ میں نے رائٹ فرام ۱۹۴۷ ان کو ایکشن میں دیکھا ہے۔ ان کو مرتے ہوئے دیکھا ہے۔ میں دعوے کے ساتھ کہہ سکتا ہوں کہ دے آر ناٹ ہیپی۔ کیونکہ ان کی کنڈیشن آف سروس ان کے سارے املیومینٹس اور باقی باتیں جو ہیں دہلی کی پولیس سے بھی خراب ہیں۔ دہلی پولیس کا آدمی جو شول میں لڑنے والے ایک سپاہی سے تنخواہ بھی زیادہ لیتا ہے۔ راشن بھی زیادہ لیتا ہے۔ وردی بھی اس کو زیادہ اچھی ملتی ہے۔ ہر ایک چیز زیادہ اچھی ملتی ہے اور اس کو مرنے کا بھی خطرہ نہیں ہے۔ اس لئے میں اس ایوان سے آپ کے ذریعہ سے پرارتھنا کروں گا کہ اگر اصل میں آپ چاہتے ہیں کہ آرمڈ فورسیز خوش رہیں تو آپ کو توجہ دینی چاہئیے ان کے املیومینٹس بڑھانے چاہئیں۔ میں نہیں چاہتا کہ دہلی کے ایک کانسٹبل کو کچھ نہ ملے۔ ان کو اور بھی زیادہ ملنا چاہئیے۔ لیکن اس مہنگائی کے زمانہ میں آرمڈ فورسیز کی طرف بھی آپ کو دیکھنا چاہئیے۔ پولیس کے لئے تو یہ ہے کہ اگر یہاں پر ان کی فیملی ہے تو مکان گورنمنٹ کو دینا ہوتا ہے۔ لیکن آرمی کے بارے میں میں نے دیکھا کہ ان کی فیملیز ہزاروں کی تعداد میں دہلی میں دربدر پھر رہی ہیں۔ ان کو کہیں پر بھی ٹھکانہ نہیں مل رہا ہے۔

13.03 hrs.

The Lok Sabha then adjourned for Lunch till Fourteen of the Clock.

The Lok Sabha re-assembled after Lunch at Fourteen of the Clock.

[SHRI VASUDEVAN NAIR *in the Chair*]

MOTIN OF THANKS ON THEPRESIDENTS ADDRESS—*Contd.*

SHRI P. K. DEO (Kalahandi): While supporting the various amendments so eloquently moved by my leader Shri Ranga to the motion of thanks to the President, I should like to make a few observations. In dealing with the foreign affairs of our country, the President reiterated the soundness of the Government's foreign policy "consistent with our sovereignty and territorial integrity on the basis of absolute non interference in each other's internal affairs."

Sir, this myth has been exploded when we find that India, which has championed the cause of others in their struggle for freedom and had the unique distinction of presenting the modern world with a leader no less than Mahatma Gandhi. was a silent spectator in the rape of Czechoslovakia by Russia and in throttling the democracy and freedom in that country. The way the interference has been going on day in day out in this country's domestic affairs by Radio Peace and Progress could not be tolerated by any self-respecting nation except probably by this country. Still, 15,000 square miles of Indian territory are in the forcible occupation of Red China. We hear every day armed and trained guerillas being infiltrated into Nagaland and Mizo area on a massive scale and up till now no action has been taken to stop this unlawful infiltration creating hostility inside our country. No action has been taken to oust the intruders from the sacred Indian soil, and still the pledge given to the nation in this House by Pandit Jawaharlal Nehru on the 14th of November, 1962 has yet remained unredeemed.

Still, we boast of the success of India's foreign policy. The President opened his speech with an optimistic note of the so-called economic recovery. His optimistic expectation is obviously based upon the upswing of production in the agricultural

sector, in 1967-68. In 1968-69 the Production has remained static. There has been no improvement in this field. The reason given is, the visitation of flood and drought.

Agriculture is India's basic industry. It provides food to our people, the raw material to our industries, gives employment to a vast section of the people and earns foreign exchange. Even after 22 years of Independence, India's agriculture is dependent on the vagaries of the monsoon. We have been chanting in this House, the mantram *"Kale Varshatu Parjanyaha,"* If credit has to go to anybody for the good performance in 1967-68, it must go to Providence for the good monsoon, and then to the hard-working kisans, whose new awareness of responsibiliry and adaptability to new and scientifice techniques and eagerness for more production are responsible for this performance.

The kisan has been shouting for water and if the kisans are kept assured of water-supply they can create a miracle and can easily wipe out the deficit in our food. The State Governments, with their limited resources, have been trying hard to provide irrigation facilities but it is the Centre's apathy, lack of appreciation, fixation of wrong priorities and indecision regarding the water disputes that are responsible for bringing in this setback. Water disputes like the Narmada, Krishna and Godavari have been hanging fire since so many years. Instead of any solution, they brought in politics to such disputes, and the impression has been created that the States with a stronger pull over the Centre get a lion's share whereas the other States get a raw deal. The Centre's action or inaction, instead of helping the food production, has put spokes in the wheel of this country's progress.

The President's Address has been conspicuous in the sense that there has been no indication that priorities will be given to agriculture in the next Plan. Though we have been told parrot-like since the last so many years that there would be self-sufficiency and self-sufficiency is round the corner, it has remained a moonshine. It will remain so unless and until the Government fully appraise the realities and take a bold decision and give priority in their expenditure so far as agriculture is concerned.

Is it not a fact that the Indian kisan has to buy fertilisers, diesel engines, pumps and sprayers at double the price if not more than double the price, than what is available outside the country ? It is a pity that this morning's newspaper has brought the news that agriculture is going to be taxed even more. These prerequisites are going to cost more to the agriculturists. What impetus is going to be given for more production ? Is it not that he has to pay his electric bill at a much higher rate than the industrialists for energising the pumps to lift water for his parched fields ? How can you expect him to grow food at a cheaper rate and provide raw material for industry ? In their 49th report, the Estimates Committee have criticised the lack of a sense of urgency in planning and development of fertilisers and said that that is causing very heavy drainage of precious foreign exchange to the tune of Rs. 225 crores, and up till now, as Shrimati Vijaylakshmi Pandit had pointed out once, this Government has been a prisoner of indecision, and no decision has been taken regarding the Mithapur Plant or the installation of the urea plant in the Talcher complex in Orissa. Even the Central Power and Research Station had made a recommendation that the cost-based Talcher complex would be the best and the cheapest and the most profitable one.

Just as we find that the agricultural sector has been shamefully neglected, we find that the tempo of industrial and commercial activity is at the lowest ebb. Prices have been sky-rocketing. The recent phenomenon of price stability of a few months back, which has been gloated over in the President's Address is a temporary phase, because only last week the President had suggested that the index of wholesale prices was at 205 and after a week it is now 207. So, there has been an increase in that regard.

[Shri P.K. Deo]

So, unless there is a basic shift in the thinking and action of Government, there is little hope of tiding over the various economic crises which have been harassing us so far and finding a solution thereto.

In a country where 90 per cent of the people are poor and hungry, where millions go without any clothes and without any shelter it is a tragedy to find that this class is not represented in this democracy. I think if we have another general election all over India, which the Congress Party and their leader ought to welcome since 20 crores of people have rejected them in all the four States, there Congress Party will be completely routed. To honour the tenets of democracy the leader of the Congress Party in Parliament should go and seek a fresh mandate from the people. I am sure, if she does it, it will give a fatal blow to the Congress. Once the Congress breaks into pieces the process of political polarisation will start. This will generate a process to unify the groups and forces who stand for secularism, for nationalism, for democracy and socialism.

The Congress Benches now represent a *khichdi.* All sorts of views and persons are present in that *khichdi.* From this *khichdi* they must be separated into positive elements of definite political views. Therefore, I welcome the change as a result of the mid term elections and my sympathies go to those young people who have brought about this process of change.

I would demand that this right to vote should be given to people aged at 18 years and it should not be limited to people who are 21. When more and more younger people will assert themselves there will be a dynamic change in our political activities, economic planning, administration and other matters.

The other day I read in the *Hindustan Times* that the British people have ranked our Prime Minister on a higher place than the Queen of England. All the queens have the same way but the British people have special regard for such queens. Whatever that may be, the ages of kings and queens and their masaldars are coming to an end, or it has almost come to an end.

SHRI S. M. BANERJEE (Kanpur) : Sir, he is calling Shri Randhir Singh a masaldar.

SHRI S. KUNDU : Sometimes I am sorry and sick to find that our Prime Minister, unfortunately, is thinking the way of the former kings and queens. I am referring to the Rs. 25 lakhs mansion which she is thinking of building for herself. In a poor country like ours Rs. 25 lakhs is a big amount. I find that Shri Poonacha is nodding his head. I am sure that he will agree with me that with Rs. 25 lakhs we can build 50,000 tube wells throughout the country for drinking water; or we can repair thousands of primary schools with this amount. It is a shocking thing to find the young boys and girls, the future of India, do not find a place to sit in their schools and have to carry their small mats from their homes. These are also published in foreign papers. At least in this Gandhi Centenary Year I hope she will be wise enongh to say that she has nothing to do with it. The other day she mentioned that some people have requested her to occupy a big mansion. Delhi is a city of mansions and palaces, hovels and huts. She can choose one of

the mansions and palaces that are there already. I agree that it is not a very important matter, but it is an important question of principle. We should not preach some thing and practise something else.

The youths of the country are alert today. They are not going to be bullied. They know and they have realised how the future destiny of the country is to be moulded. The more I think of our national movement *i.e.*, national struggle for freedom, the more betrayed I feel. In 1947 when our national flag was unfurled in Lal-Kila I felt that we have betrayed our national movement, because the objective of our movement was something quite different. It is a different thing to say that it does not matter if Jawaharlal Nehru, who was at that time the darling of India's nationalism, youth, democracy and secularism, walked into a house which was used by the British Commanders-in-Chief or Shri Rajagopalachari, now champion of the Swatantra Party, walks into the palatial Rashtrapati Bhavan from where the British ruled India for many years. I am only trying to describe the contrast between what was preached and what was practised. When Gandhiji walked into the Bhangi Colony, these people stayed in big palaces and mansions. Even after 21 years to make the Birla House, where Gandhiji was shot dead, a national property one had to launch a movement.

We have been speaking about industries taking some sort of a stride. I would like to ask, if it takes its stride forward or backward, right or left, what advantage or enthusiasm this industry gives to the younger people who would like to build up small-scale industries. If we analyse the structure of industries, we will find that the big monopolists who build big industries also build and control small-scale industries. If a young man, who comes out of the university today, wants to build a small-scale industry, the officer would say, "Please do not try; you cannot build the industry". One does not know from where technical know-how will come, from where credit will come, from where to find market. The only way left for our youngmen is to read British history and join the IAS and some other allied services. It is shocking that even after 21 years of independence we find from the Public Service Commission's report that 80 per cent of our young people, who are supposed to give a new leadership to the teeming millions, take British history as a subject pass the IAS and other examination and get into the services. There is no opportunity and incentive created whatsoever to build small-scale industry for our young people.

After shouting for years and years together, last year the Government decided upon building some sort of an engineering entrepreneur scheme. When the loan will come, you will see that it will also go to the relations of the big industrialists; these people will not get it.

SHRI SHEO NARAIN : Say something about corruption also.

SHRI S. KUNDU : What to say about corruption ? You yourself are an example of corruption in one State. In every State they have left some people or the other. In my State Patnaik is there. In spite of the Khanna Commission he has been absolved of it. The less spoken, much better it is.

I want to raise a word of caution today. It is quite possible that the way you are going you may have more agricultural production and a surplus in five or six years but I would like to tell you that within 22 years our population will double to 100 crores of people and population per acre of land will also go up by two to three times. Rich peasants are going in for tractors and modern agricultural implements like pump sets. Most of them are from a wealthy class and they are throwing out people from employment, in a short time in the rural side; more people will be unemployed. So, there will be surplus food but there will be hungry people because there will be no capacity to buy and there will be rioting in the streets. Please remember this.

Therefore today let there be new thinking as to how we are going to take the

[Shri S. Kundu]

new scientific inventions to the doors of the real people, the landless people, the small peasants and the small owners.

You were there, Mr. Chairman, the other day when Shri Morarji Desai in a very cavalier fashion answered two important questions which were raised. One question raised was, "Why do you not give amenities to the poorer class of employees ?" and he said, "If you give amenities, it will be inflationary." Another friend asked, "Why do you not look into the price which is falling very much ?"—the price had fallen by 30 per cent of a particular agricultural product. There also, he was pooh-poohed and Shri Morarji Desai said, "You want that the price should rise and you also say that the price should fall; what can we do ?"

MR. CHAIRMAN : You can take up this at the time of the Budget debate. Please conclude now. Your time is up.

SHRI S. KUNDU : So, unless you give the minimum benefit to the people, unless you give them a house, education and such other things, production is not going to rise. Even the capitalist countries who have found that when they give a better deal to the worker, production rises.

That has happened in Japan; that has happened in Israel but that is not going to happen here as long as Shri Morarji Desai is there.

श्री रणधीर सिंह (रोहतक) : चेयरमैन महोदय, जो प्रस्ताव माननीय सदस्या, श्रीमती सुशीला रोहतगी, ने राष्ट्रपति का शुक्रिया अदा करने के बारे में हाउस के सामने रखा है, मैं उसकी पुरजोर ताईद करता हूं। मैं आपकी मार्फत दो-चार जरूरी बातें सरकार के सामने रखना चाहता हूं।

एक बड़ी तगड़ी और नखरेदार चौधरन थी। चौधरी चौधरन से बहुत डरता था। वह चौधरी को पूरा खाना नहीं देती थी। अक्सर मेहमान घर में आते हैं। एक दिन एक मेहमान उनके घर में आ गया। चौधरी ने सोचा कि आज तो मुझे अच्छा खाना मिलेगा, आज मेहमान के साथ बैठ कर खाना खायेंगे। चौधरी अच्छा खाना मांगता है, यह देख कर चौधरन की आंखें लाल हो गईं। जब चौधरी ने कहा कि मेहमान के साथ मुझे भी मिठाई दो, तो चौधरन ने उसको नीचे-नीचे डंडा दिखाया। चौधरी अकड़ गया। हमारे यहां आखिर में दूध दिया जाता है। चौधरी ने कहा कि मेहमान के साथ ही मुझे भी दूध दो।

SHRI S. M. BANERJEE : Sir, can we discuss domestic problems here ?

MR. CHAIRMAN : Mr. Randhir Singh by the time you narrate the story, your time will be over.

श्री रणधीर सिंह : चेयरमैन साहब, मैं आपोजीशन की पोल की बात कह रहा हूं। मेरे कहने का मतलब यह है कि चौधरन की तरह सरकार चौधरी किसान को ज्यादा देर तक डरा नहीं सकेगी। अगर चौधरन डंडा उठाती है, तो चौधरी भी लट्ठ उठाना जानता है। अब ये तिफल-तसल्लियां ज्यादा अरसे तक काम नहीं आयेंगी। अब सब्र का प्याला लबरेज़ हो गया है।

लोगों की हिमायत हासिल करने के लिए कांग्रेस के पास भी बहुत सी बातें हैं और दूसरों के पास भी। लेकिन एक कांग्रेसी होने के नाते मैं कहना चाहता हूं कि एक बात साफ हो गई है कि सारे देश में किसान कांग्रेस से दूर सरक रहा है और यह बड़ी खतरनाक बात है। हमें इस बात को कुबूल करना होगा। हरियाणा में 80 फ़ीसदी किसान कांग्रेस से दूर सरक गये हैं। पंजाब में भी 80 फ़ीसदी किसान कांग्रेस के खिलाफ़ हो गये हैं। यू० पी० में 80, 90 फ़ीसदी किसान कांग्रेस के खिलाफ़ हो गये हैं। यही हाल बिहार में और बंगाल में भी है। ये जितने

हमारे भाई बजर-बट्टू बैठे हुए हैं, ये सब किसान को बहका रहे हैं।

किसानों के कांग्रेस से दूर जाने पर मैं खुश नहीं हूँ, निराश हूं। लेकिन यह निराशा भी उम्मीद में तब्दील हो सकती है। किसान मालिक है इस देश का। इलैक्शन के मौके पर इनक्लाबी नारे लगाये जायें और किसान की हिमायत में स्पीचिज दी जायें, लेकिन इलैक्शन में किसान का वोट ले लिया— भैंस दूध निकाल लिया—और फिर किसान भाड़ में जाये, यह बात नहीं चलेगी।

मैं इन चार पांच मिनटों में कुछ बातें सरकार को कहना चाहता हूँ। अगर सरकार इन बातों को नहीं करेगी, तो सौ फ़ीसदी किसान कांग्रेस के खिलाफ़ होते दिखाई देते हैं। मैं नहीं समझता हूँ कि कांग्रेस में मुझसे ज्यादा भी कोई हमदर्द और आदमी है। मैं साथ ही आपोज़ीशन को भी कहना चाहता हूँ कि जो खिचड़ी उसने पका रखी है, उससे भी काम नहीं चलेगा। किसान बहुत सयाना है। इस बार कई पार्टियों का दिमाग साफ हो गया है। पी० एस० पी० वाले बहुत नारे लगाते थे। एस० एस० पी० वाले भी बड़े नारे लगाते थे। और यह मेरे भाई चूहा पार्टी वाले, कम्यूनिस्ट पार्टी के लोग जो हैं यह सिर्फ बंगाल के अन्दर हैं, उससे बाहर इनका नाम कहीं नजर नहीं आता।

तो एक तो बात मैं यह कहना चाहूँगा कि बहुत अरसे हो गये हैं, किसान की जायदाद पर अगर सीलिंग है, उसकी जमीन पर सीलिंग है तो यह जो शहरों के बड़े बड़े नुमाइन्दे बैठे हैं, कारखाने वाले और बड़े-बड़े पूंजीपति जिनके लिए बड़े-बड़े नारे लग रहे हैं, मैं चाहूँगा कि सरकार एक दम उन पर अमल करे और अर्बन प्रापर्टी पर भी सीलिंग लगाए। जितना रुपया इस तरह अर्बन प्रापर्टी पर सीलिंग लगाने से इन बड़े बड़े कारखाने वालों से और पूंजीपतियों की बड़ी बड़ी मिल्कियतों से इकट्ठा होता है वह देहात में खर्च किया जाय। एक बात तो यह की जाय।

दूसरी बात---किसान की जितनी पैदावार है उसकी कीमत 40 प्रतिशत गिरी है। लेकिन यह शहर के रहने वाले या दूसरे लोग जो सरमायापरस्त हैं उनके द्वारा जितनी चीजें पैदा की जाती हैं, जितनी गैर-किसान प्रोडक्शन है, लोहा है, कपड़ा है, चीनी है, सीमेंट है उनकी कीमतें आज आसमान को छू रही हैं। मैं कहना चाहता हूँ कि अगर किसान की चीजों की कीमत कम हो तो जो किसान के रोजमर्रा की इस्तेमाल की चीजें हैं उनकी कीमत भी कम होनी चाहिए। अगर उनकी कीमत ज्यादा है तो किसान की चीजों की कीमत भी ज्यादा होनी चाहिए।

तीसरी बात मैं यह कहना चाहूँगा, किसान आज यह महसूस करते हैं, सारे देश के किसान के साथ एक अत्याचार यह हो रहा है कि उसकी जो होल्डिंग है उसमें एक हिन्दू सकसेशन ऐक्ट लागू हो गया है और जो जमीन लड़की के नाम उसके खाविंद के घर से होनी चाहिए, उसके श्वसुर के घर से होनी चाहिए वह उसके बाप के घर से की जाती है। मैं इस बात के हक में हूं कि लड़की को हक मिले लेकिन उसके हसबैंड के घर से मिले, हसबैंड के घर से चाहे उसे रुपये में नौ आना मिले लेकिन यह नहीं कि बाप का भी हिस्सा ले लिया और इधर श्वसुर का भी हिस्सा ले लिया। बराबर की बात होनी चाहिए। मैं तो इस बात को कहना चाहता हूँ कि न सिर्फ हरयाना के, न सिर्फ पंजाब के बल्कि सारे देश के किसान इस बात को महसूस कर रहे हैं कि उसकी जमीन को टुकड़े-टुकड़े किया जा रहा है और भाई और बहनों को लड़ाया जा रहा है।

मैं एक बात और कहना चाहता हूं...

MR. CHAIRMAN : I am sorry, the hon. Member's time is over. Mr. R.K. Birla.

SHRI RANDHIR SINGH : All right, Sir.

SHRI R.K. BIRLA (Jhunjhunu) : In his Address the respected President has mentioned about the agricultural and industrial progress of the country. He has also mentioned about public undertakings, Five-Year Plans, generation of electric power from atomic energy and so on and so forth. But no mention, whatsoever, has been made in his Address about a commodity which is used by each and everybody not only in our country but in the entire world, a commodity without which, I am sure, nobody in the world can exist, *i.e.*, salt. I would like to say that salt is very intimately connected with Mahatma Gandhi and our struggle for life.

The year, 1969, is Gandhi Centenary Year, which we are all celebrating in the most befitting manner one can think of. Gandhiji wanted salt, a gift from the blue seas surrounding our country, to be available to the people without any duty whatsoever, like the water that we drink and the air that we breathe. It was with this view that he considered the tax on salt, which was levied as far back as 1765 on both indigenous and imported salt, as a symbol of our servitude; hence, non-payment of salt duty became a symbol of our right for freedom. The famous Dandi March of Gandhiji kindled the fire of freedom in our hearts. The Working Committee of the Indian National Congress passed a Resolution on 2nd January, 1930, fixing Sunday, the 26th January, for a countrywide demonstration supporting the goal of complete Independence. The very first tool of this non-violent fight with the British was the adoption of the salt satyagraha. In spite of that, the salt tax continued to be levied by the then Government till we achieved Independence. Immediately after achieving Independence, the Finance Minister of independent Indian Government headed by the late Pandit Jawahar Lal Nehru perhaps Shri Chetty or Dr. Mathai, abolished the duty on salt as desired by the Father of the Nation. But I am sorry to say that a cess was imposed in place of the duty which took away the very sense of the abolition of the duty, contrary to the wishes of Gandhiji. It was stated that the cess was levied for two purposes. One was the payment of compensation to the Indian States under treaty obligations and the other was to meet the establishment charges of the salt department including the cost of watch and ward staff. I feel that levy of the cess for meeting the payment of compensation to the Indian States under the treaty obligation was not at all correct because such payment could also have been made from the funds which had been utilised for meeting other liabilities or payments to the Indian States. The surprising thing is that even after the merger of the States which was completed by the year 1949, the cess continued to be levied and it is being levied as of date, now. In any case the cess for this purpose should not have been allowed to be continued after the year 1949.

Regarding the establishment charges, I am sure my friends sitting to my left and right and also with me will entirely agree with me that this department has been functioning only to collect cess and had done nothing except that since its inception. No service worth the name has been done towards the development of the salt works or the welfare of people working in the salt department. During the past 22 years, if my information is correct, the Government of India had collected cess worth Rs 45 crores and it must have gone to the exchequer. The main purpose was to spend the money on the welfare of the workmen and the development of salt works. Our annual production of salt is about 5.5 million tons and the duty on it comes to about Rs. 2 crores at the rate of Rs. 3.50 per ton. Besides, there is a levy of one rupee per ton as royalty which goes to the States; it has nothing to do with the Central Government. Sixty per cent of the salt produced is consumed by human beings and 40 per cent is put to industrial use. The total cost of salt in our country varies between Rs. 8 and Rs. 10 per ton. It is thus very surprising indeed that a commodity which Gandhiji wanted to be freely made available to everybody attracts a cess of Rs. 3.50 per ton by the Centre and Re. 1/- per ton as royalty, thus making

a total of Rs. 4.50 which is fifty per cent of the total production cost. Both the industrial consumers and the general public have expressed their resentment over the levy of this cess. The Salt Experts Committee appointed by the Government of India had suggested that the Indian salt industry has not developed on scientific lines as it should have been and a lot more could be done to improve the quality and yield of salt. The Salt Department should render all technical help to the salt manufacturers out of the cess so collected, looking to the points which I made earlier, but I feel there is no justification at all for the Government to make a profit out of the cess and treat the same as revenue income going to the national exchequer. In conclusion, I would appeal to the Government through you and through this hon. House that the cess on salt should be totally abolished as a mark of respect to the Father of the Nation. In case this suggestion of mine does not find the approval of the Government, alternatively, the amount of the cess so collected should be utilised only for the purposes which I would mention below, and not be treated as revenue income. The purposes are : improving the working conditions of the workers of the salt works and providing facilities like approach roads, houses, medical aid, schools to the workmen's children and their families; providing maintenance allowance to the workers during the off-work period, since they are getting only Rs. 2.75 per day as their wages. I may mention here that Rs. 2.75 a day as wages for an industrial worker is perhaps the lowest in any industry, and therefore, they should be allowed to get something more during the time when they are off from the work. Their working period is only six months, because, the salt industry, as we all know, is a seasonal industry. Then, some money should be spent in carrying out the experiments for improving the salt works, the quality of the salt and mechanical harvesting. This is about salt which is very intimately connected with Mahatma Gandhi. I would say that the abolition of the cess at this time is the proper thing and I would request the Government through you and through this House once again that the abolition of the salt cess should be announced as soon as possible and definitely during this year when we are celebrating Gandhi Centenary.

Next, I would say something about the army to defend us when we are attacked by our neighbours. We all know that during the Chinese aggression of 1962, our soldiers were sent to the NEFA front only with half the clothing that they required. They were sent with two or three barrack blankets instead of six to seven barrack blankets which were necessary for the soldiers to work at a height of 10,000 ft. to 12,000 ft. I am sure that the attack from Pakistan and China cannot be totally ruled out. I therefore feel that we must equip ourselves so that in case when we are attacked, we have the power to meet them very well. For this, we require the clothings. I would submit that in the Army, in the Air Force or in the Navy, everybody, right from the soldier to the full General, requires woollen clothing right from head to toe. I know from experience what has happened during the Chinese aggression. Therefore, it is necessary that we must have proper types of raw material at our disposal, and that we have the necessary type of clothing immediately made available to us whenever we need it. For this, we require imported wool. I am sorry to say that India still has not been able to develop that type of wool which we need for meeting our requirements of defence as well as civilian requirements. Perhaps, I may inform the House that the USSR has been able to develop a sheep which is called the Russian Merino; it took them about 10 years to develop it. They have developed it just as the Australian Government has been able to do. I do not understand why the Government of India has not been able to develop that sheep up till now. I therefore request the Government that it is a very important thing which should be attended to. The Indian woollen industry needs about Rs. 32 crores worth of imported wool, and that type of Merino should be developed in our country, which should be called as Indian Merino.

Before I close, I would just say one more sentence and that is about controls. Enough has been said by my friend this side and that side. Somebody has said that

[Shri R. K. Birla]

controls are very necessary for the economy.

There should be no control whatsoever. I believe in prosperity through open competition. No country has ever flourished through controls, whether it is Russia, China or any East European country. But Japan and Germany, though they were defeated nations, progressed very rapidly because there was no control. Therefore, control of every type, whether on production, distribution in industry or agriculture or in anything, should be abolished. If at all control has to be kept, only birth control should be there, for which the Government should do their utmost and spend the maximum money, because this addition of 1 crore people every year—we are adding a Ceylon every year—must be stopped.

श्री महन्त दिग्विजयनाथ (गोरखपुर) : सभापति महोदय, मुझे खेती की पैदावार के बारे में कुछ आवश्यक बातें आपसे कहनी हैं। खेती के लिए राष्ट्रपति जी के भाषण में यह कहा गया है कि खेती की पैदावार में एक मोड़ आया है, लेकिन जितने मोड़ की आवश्यकता है, उतना मोड़ अभी तक नहीं आ सका है। इसलिये मैं कुछ सुझाव आपके सामने रखना चाहता हूँ। मेरा पहला सुझाव यह है कि जब तक हमें उचित्त मात्रा में पानी, सस्ती बिजली, अच्छे बीज, खाद और सस्ते बैल नहीं मिल सकेंगे तब तक खेती का उत्पादन जितना हम चाहते हैं, नहीं कर सकेंगे। हर एक चीज के लिए हमारे यहां कंट्रोल है, लेकिन जो राष्ट्रीय सम्पत्ति है, जैसे गाय, उसके स्लौटर को रोकने के लिए हम ने आज तक कोई कन्ट्रोल नहीं किया है। यदि यही स्थिति चलती रही तो कुछ दिनों के बाद हम उस स्थिति में पहुंच जायेंगे, जिससे भीख मांगते हुए हमें संसार के सामने आना पड़ेगा।

ट्रैक्टर ऐसी चीज नहीं है जो हर खेतीहर अपने इस्तेमाल में ला सकता है। ट्रैक्टर केवल वही लोग, जो बड़े बड़े फारमर्ज हैं, या जिनके पास बड़ी खेती हैं, वे ही काम में ला सकते हैं। ट्रैक्टर ऐसी चीज भी नहीं है जिसके पार्ट्स हर जगह आपको मिल सकें। पानी के बारे में मुझे यही कहना है कि हम जिस आंचल से आ रहे हैं, वहां सब-सायल वाटर बहुत ज्यादा है। पानी ऊपर ही मिल जाता है, जिससे नहरें बेकार सिद्ध हुई हैं, क्योंकि नहरों के दोनों ओर की भूमि उपज के लिए बेकार हो जाती है। इस लिए जब तक वहां नलकूपों की व्यवस्था नहीं होगी, खेती ठीक तरह से नहीं की जा सकती। इस लिए मेरा अनुरोध है कि वहां नलकूप ज्यादा से ज्यादा प्रोवाइड किये जांय।

हमने मोर को "राष्ट्रीय पक्षी" घोषित किया हुआ है, उसी तरीके गाय को, जिसे हम राष्ट्रीय सम्पत्ति कहते हैं, "राष्ट्रीय पशु" घोषित किया जाय, तब हम देश को बचा सकेंगे, अन्यथा नहीं।

परिवार नियोजन के बारे में मैं हमेशा कहता आया हूँ और आज इसके बारे में कुछ विशेष प्रार्थना मुझे आपसे करनी है। परिवार नियोजन केवल वन-वे-ट्रैफिक है, केवल हिन्दुओं के लिये ही लागू है। मुसलमान भाई चार शादियां कर सकते हैं, और इस तरह से वह साल में चार बच्चे पैदा कर सकते हैं, जबकि सरकारी हिन्दू कर्मचारी दो शादियां नहीं कर सकता, अगर वह दो शादी करे तो सरकारी नौकरी से निकाल दिया जाय। वे तो एक-दो या तीन बच्चे बस। इससे ज्यादा पैदा नहीं कर सकते। मेरे कहने का मतलब यह है कि मुसलमान जो चार शादियां कर सकता है, 10 वर्ष में 40 बच्चे पैदा करेगा। और हिन्दू एक दो तीन करके माइनारिटी में हो जायेंगे। मुसलमान और ईसाइयों की ओर से जो कन्वर्जन इस वक्त हो रहा है उन दोनों के मेजारिटी में हो जाने पर यह देश दूसरे के अधीन हो जायगा। हमने इस देश की रक्षा उस समय नहीं की जबकि 45 करोड़ हिन्दू पार्टीशन के समय इस देश में थे।

माइनारिटी में नौ करोड़ मुसलमान भाई थे। लेकिन उन्होंने इस देश का विभाजन करा लिया और हम इस देश को उस समय बचा नहीं सके। यदि हम माइनारिटी में रिड्यूस हो गए तो मैं पूछना चाहता हूं कि हम देश की रक्षा कैसे कर सकेंगे ?...(**व्यवधान**)... मैं केवल इतना ही कहना चाहता हूं कि यदि परिवार नियोजन आवश्यक है तो वह सबके लिए होना चाहिए। न कि केवल हिन्दुओं पर ही उसको लागू किया जाय दूसरों पर नहीं। मेरे विचार से यह हिन्दुओं के साथ अन्याय है। हिन्दुओं के लिए इस प्रकार के जो कानून हैं, चाहे वह हिन्दू कोड बिल हो या हिन्दू रेलीजम ऐक्ट हो, वे सब कानून इस देश के लिए घातक होंगे। इस प्रकार से आप हिन्दुओं के मनोबल को घटा रहे हैं। वह हिन्दू जो कि इस देश की रीढ़ हैं उनको अगर आपने कमजोर किया तो यह देश कमजोर हो जायगा और गुलाम हो जायगा। इसलिए इस पर आपको विचार करना होगा। अंग्रेजों ने तो मुसलमान और हिन्दुओं को लड़ा कर इस देश के टुकड़े किए लेकिन आप तो हिन्दू हिन्दू को लड़ा कर देश के टुकड़े करने जा रहे हैं। आप कास्टीज्म के आधार पर टिकट देते हैं। चाहे कांग्रेस हो, बी० के० डी० हो या मजलिसे मुस्लिम हो, सब जगह कास्टीज्म के आधार पर टिकट बांटे जा रहे हैं। इसके कारण देश दूसरी तरफ जा रहा है।

गांधी जी यह कहा करते थे कि कास्टलेस सोसाइटी बनाएंगे लेकिन यहां तो कास्ट्स और भी मजबूत होती जा रही हैं। आप जब तक अपने दिल को अच्छी तरह से टटोलेंगे नहीं कि किस प्रकार से इस पर हम काबू पायें, आप इन समस्याओं को हल नहीं कर सकेंगे और न यह देश मजबूत हो सकेगा।

अब मैं जनसंख्या के बारे में कुछ बताना चाहता हूं कि सन् 1951 से 1961 तक कितने कितने मुसलमान और ईसाई इस देश में बढ़े हैं। हमको इस बात पर कोई एतराज नहीं है कि वह बढ़े हैं। वह जरूर बढ़ें। लेकिन जिस तरह से वे बढ़ रहे हैं उससे ऐसा मालूम पड़ता है कि सन् 1971 का जो सेन्सस होगा उसमें हम और भी घट जाएंगे। सन् 1951 में 3, 54, 14, 284 मुसलमान थे और सन् 1961 में 4,69,29,557 हो गए। यानी 1 करोड़ 15 लाख 26 हजार 273 की बढ़ोत्तरी हुई। इसी प्रकार से दस सालों में ईसाई भाइयों में 24 लाख चार हजार की बढ़ोत्तरी हुई है। मैं इससे सशंकित नहीं हूं। लेकिन प्रश्न यह है कि यह हुआ कैसे ? एक तो जो आपका परिवार नियोजन है वह इस में कुछ मदद कर रहा है। हिन्दुओं की तुलना में वे लोग अधिक बच्चे पैदा कर रहे हैं। इसके अलावा पाकिस्तान ज्यादा बच्चे पैदा करके हिन्दुस्तान में ढकेल रहा है। आज आसाम में मुसलमान पाकिस्तान से चले आ रहे हैं और काश्मीर में भी बसाए जा रहे हैं। पाकिस्तान से ही वे लोग ढकेले जा रहे हैं ताकि इन जगहों पर उनका बहुमत हो जाय और हम अल्पमत में रह जायं। और फिर वह क्लेम कर सकें कि यह हमारी सम्पत्ति है। इस सम्बन्ध में हमको सतर्क होना चाहिए। इसके अलावा दक्षिण में एक हवा और चल रही है मोपिलिस्तान की। यह बहुत दिनों से चल रही है। लेकिन उसका सक्रिय रूप इस समय नम्बूद्रीपाद के समय में सामने आ रहा है। तो दक्षिण में तो यह स्थिति है और पूर्वी आसाम, पश्चिमी बंगाल और काश्मीर में मुसलमान बढ़ते चले जा रहे हैं। इस प्रकार चारों तरफ से चाहे उसको लाल सेना कहिए या काली सेना कहिए वह हम को घेरती चली आ रही है। और हम उसी जगह पर हैं जहां पर थे। हम अपीजमेंट की पालिसी अभी भी अख्त्यार किए हुए हैं। उनको खुश रखकर उनके वोट हासिल करना चाहते हैं।

अब मैं नेशनल इंटीग्रेशन, राष्ट्रीय एकता के बारे में कुछ कहना चाहता हूं। इसमें मुसलमानों की एकता तो जरूर हुई है।

[श्री महन्थ दिग्विजयनाथ]

मजलिसे मुस्लिम बन गई। लेकिन हमारा देश विभाजन की तरफ जा रहा है। इस कान्फरेंस का आबजेक्ट यह था :

"The object of this Conference was common citizenship, unity in diversity, freedom of religion, secularism, equality, justice, social, economic and political—"

इसका आउटकम क्या हुआ ? मजलिसे मुस्लिम पैदा हुई जो कि हरिजनों को हमसे अलग करना चाहती है। उसका नारा है, हरिजन मुस्लिम भाई-भाई, हिन्दू कौम कहां से आई ? आज हरिजनों के बारे में हम बहुत चर्चा सुन रहे हैं। हरिजन तो हमारे अंग हैं। हरिजन हिन्दू समाज के अभिन्न अंग हैं। अगर हिन्दू समाज से हरिजन अलग हो जाएंगे तो हिन्दू समाप्त हो जाएंगे। उनके साथ किसी तरह से भी अन्याय करना गलत चीज है।.. (**व्यवधान**)...हरिजनों के लिए इनके मनमें बड़ी ममता है। मुसलमानों को अलग रखकर देश के टुकड़े हुए और एक मुस्लिम स्टेट बन गई लेकिन हिन्दू स्टेट नहीं बनी। आज इस देश में जो हरिजन हैं वह हमारे अंग हैं। उनको अलग करने से इस देश को कमजोर करना होगा। इस तरह से वह इस देश के साथ गद्दारी करना चाहते हैं। इसलिए मैं आपके द्वारा सरकार से कहूंगा कि हरिजनों को वही स्थान मिलना चाहिए जो कि सवर्ण हिन्दुओं का है और हम लोग किसी प्रकार से भी उनको अलग नहीं करने देंगे। राष्ट्ररूपी शरीर को ब्राह्मण कहते हैं, क्षत्रिय और वैश्य कहते हैं और यह पांव शूद्र हैं। सब मिलकर हिन्दूरूपी यह शरीर बना है तो फिर हम उसके किसी एक अंग को काट कर कैसे अलग कर सकते हैं और बाकी शरीर का कैसे संरक्षण कर सकते हैं ? यह एक विचारणीय प्रश्न है।

नेशनल इंटीग्रेशन के सम्बन्ध में मुझे कुछ अधिक नहीं कहना है। इसमें सब लोग बुलाए गए थे। लेकिन हिन्दू सभा जो कि हिन्दुओं की एक रेप्रेजेन्टेटिव बाडी कही जाती है उस को इसलिए नहीं बुलाया गया क्यों कि उसका एक आदमी आपकी पार्लियामेंट में है। नेहरूजी ने जब पहली कान्फरेंस की थी उस समय श्री बिशन चन्द्र सेठ इसी सदन में थे। उनको स्पेशल इनविटेशन देकर बुलाया गया था। हिन्दू सभा ने जब तक रेप्रेजेन्टेशन किया तब तक देश के टुकड़े नहीं हुए, इस बात का इतिहास साक्षी है। सन् 30 में राउंड टेबल कान्फरेंस हुई थी। उस समय देश का विभाजन नहीं होने पाया था। जब देश के विभाजन की बात चली तो मैं आपको बतलाना चाहता हूँ, जब क्रिप्स कमीशन और साइमन कमीशन आया तो हिन्दू महासभा को रेप्रेजेन्टेशन नहीं दिया। देश के हिन्दुओं का दुर्भाग्य 1945 में यह हुआ कि उस समय के निर्वाचन में हिन्दू महासभा का कोई प्रतिनिधि नहीं चुना गया। परिणाम स्वरूप मुसलमानों की ओर से मि० जिन्ना ने देश विभाजन योजना का प्रतिनिधित्व किया और कांग्रेस ने कहा कि हम हिन्दुओं के रेप्रेजेन्टेटिव हैं। उन्होंने जो कुछ कहा उसको सही मान लिया गया। आज आपके सामने फिर ऐसा ही वातावरण आ रहा है। अभी इन्दिराजी गोरखपुर में गई थीं। उन्होंने कहा कि यह पुरानी संस्था जरूर है लेकिन वहां जाकर यह क्या कर सकेंगे ? लेकिन हम कहते हैं कि हम अकेले ही सही लेकिन हिन्दुओं की तरफ से कुछ कहने के लिए तो हैं। आज दोनों तरफ के लोग मुसलमानों के लिए कहने के लिए तैयार हैं। लेकिन मैं आपसे पूछना चाहता हूँ कि इसमें कौन से ऐसे लोग हैं जो हिन्दुओं के लिए भी कुछ प्लीड कर सकते हैं ? अगर कोई संस्था है तो उससे डबल हिन्दू सभा है जिसका एक इतिहास है कि जिसको आप मिटा नहीं सकते हैं। इसलिए मैं आपके द्वारा सरकार से कहना चाहता हूं कि ऐसे साथी जो देश को छिन्न भिन्न करने के लिए तैयार हैं, अपीजमेंट की पालिसी मुसलमानों को खुश करने के लिए चलाना चाहते हैं और वोट

कैचिंग मेथड के रूप में उसको इस्तेमाल करते हैं उनसे सावधान रहना चाहिए। मिड टर्म पोल में क्या किया गया? पन्द्रह परसेंट मुसलमानों के लिए रिजर्वेशन रक्खा गया था। इसलिए मैं तो यह कहूंगा कि सेकुलरिज्म को उस रोज ही दफना दिया गया था जिस रोज इस देश का विभाजन हुआ था। टू नेशन थ्योरी के आधार पर जब इस देश के टुकड़े हुए उसी रोज सेकुलरिज्म को दफना दिया गया था। मैं आपसे पूछना चाहता हूँ कि यदि हिन्दू इस देश में साम्प्रदायिक हैं तो फिर इस देश का राष्ट्रीय कौन है? मैं जानना चाहता हूँ कि हम किस देश के राष्ट्रीय हैं? हम वहीं पर माइग्रेट कर जायेंगे और अपने राष्ट्र को पनपायेंगे।

16 hours.

श्री रामगोपाल शालवाले (चान्दनी चौक): सभापति महोदय, राष्ट्रपति जी के अभिभाषण पर कुछ कहने से पहले मैं निवेदन करना चाहता हूँ कि उन्होंने खाद्य समस्या की चर्चा करते हुए दूध के उत्पादन का कोई जिक्र नहीं किया। इस देश के 50 करोड़ लोगों को आज दूध की आवश्यकता है। बिना दूध के देश के बच्चे और देश के नौजवान चल नहीं सकते हैं। इसलिये मेरा निवेदन है कि राष्ट्रपति के अभिभाषण में दूध की समस्या की ओर कोई संकेत न करना एक बहुत कमी है। देश की दूध की समस्या का समाधान करने के लिए यह अत्यन्त आवश्यक है कि इस देश में गोधन का संरक्षण व विकास किया जाय और गोधन की रक्षा की जाय। सारे देश में गोहत्या पर कानूनी पाबन्दी लगाई जाय।

मैं बतलाना चाहता हूं कि सन् 1966 में बड़ा भारी आन्दोलन इस दिल्ली नगर में चला और 7 नवम्बर को 10 लाख लोगों ने पार्लियामेंट पर बहुत बड़ा प्रदर्शन किया। उसके बाद 8 महीने तक लगातार सत्याग्रह हुआ। 45 साल मुझे इसी दिल्ली में रहते हुए हो गये। मैंने गांधी जी के और अन्य संस्थाओं के बड़े-बड़े आन्दोलन देखे लेकिन गोरक्षा जैसा व्यापक आन्दोलन मैंने अपनी आंखों से नहीं देखा। उस समय इस आन्दोलन से घबड़ा कर हमारी केन्द्रीय सरकार ने गोरक्षा समिति का निर्माण कर दिया और जनता से यह वायदा किया कि तीन महीने के अन्दर सम्पूर्ण देश में गोहत्या पर प्रतिबंध लगा दिया जायगा। मुझे बड़े दुःख के साथ कहना पड़ता है कि इतना समय बीत जाने के बाद उस कमेटी का प्रतिवेदन अभी तक आपके सामने और इस हाउस के सामने नहीं आया है।

इसके अतिरिक्त मैं यह भी निवेदन करना चाहता हूं कि उस कमेटी के तीन गैर सरकारी सदस्यों ने त्यागपत्र दे दिये हैं और उनके त्यागपत्र देने के बाद 29 गैर सरकारी गवाहों ने अपनी गवाही देने से इंकार कर दिया है जिनमें श्री प्रताप सिंह शूर जी वल्लभदास, प्रधान आर्य सार्वदेशिक प्रतिनिधि सभा हैं, दूसरे द्वारकापीठ के जगद्गुरु श्री शंकराचार्य हैं और तीसरे हिन्दू महासभा के प्रधान श्री नित्य नारायण बनर्जी मुख्य हैं। ऐसी स्थिति में उस कमेटी के भीतर अगर कोई निर्णय होता है तो जनता उस निर्णय को कदापि कबूल नहीं करेगी।

इसीके साथ-साथ अगर इस देश के अन्दर गांधी जी, स्वामी दयानन्द और राम व कृष्ण की भावनाओं को लेकर 45 करोड़ लोगों की भावनाओं को लेकर गोहत्या पर प्रतिबंध नहीं लगाया गया तो मैं इस सदन के मार्फत सरकार को इस बात की चेतावनी देना चाहता हूं कि देश में पुनः एक व्यापक व तीव्र आन्दोलन जारी हो जायगा।

जब राष्ट्रपति महोदय ने अपना कार्य-भार सम्भाला था तो मैं राष्ट्रपति जी से मिला था। मैं

[श्री रामगोपाल शालवाले]

उनके पास बादशाह बाबर की एक वसीयत लेकर गया था। राष्ट्रपति जी बोले कि उसमें क्या है तो मैंने उनको बतलाया था कि जब हुमायूं भारत के राजसिंहासन पर बैठने लगा तो उस के पिता बाबर ने उसके नाम यह वसीयत की थी और उस वसीयत में बाबर ने कहा था कि मेरे बेटे अगर तुम यह चाहते हो कि इस देश में मुगल शासन निष्कंटक रीति से और देर तक क़ायम रह सके तो तुम इस देश के बहुमत वर्ग की भावनाओं का आदर करते हुए इस गोहत्या पर प्रतिबन्ध लगा देना। मैं कहना चाहता हूं कि सरकार यदि चाहती है कि कांग्रेस का शासन देर तक बना रहे तो यहां के बहुमत को काबू में करने के लिए यहाँ के हिन्दुओं की भावनाओं का उसे आदर करना चाहिए और दूध का उत्पादन करने के लिए उसे गोहत्या पर प्रतिबंध लगा देना चाहिए।

राष्ट्रपति महोदय ने अपने अभिभाषण में साम्प्रदायिकता के ऊपर कुछ थोड़ी सी चर्चा की है लेकिन उन्होंने साम्प्रदायिकता की कोई व्याख्या नहीं की है। मैं यह निवेदन करना चाहता हूँ कि केरल और उत्तर प्रदेश में नये पाकिस्तान की तैयारियां हो रही हैं। आसाम में 7 लाख पाकिस्तानियों की घुसपैंठ हुई है और ऐसे 7 लाख व्यक्ति जिन्होंने कि आसाम के अन्दर इस तरह से प्रवेश कर लिया है मुझे बड़े दुःख के साथ यह चीज कहनी पड़ रही है कि इसमें एक केन्द्रीय मंत्री का नागरिकता दिलवाने में सहयोग रहा है और उनको वहां की नागरिकता दिलवा दी। यह एक बहुत भयंकर बात है जोकि आसाम के अन्दर की गई और पाकिस्तान के पैर आसाम के अन्दर आज इस तरीक़े पर मजबूत किये जा रहे हैं।

इसके अतिरिक्त मैं यह भी निवेदन करना चाहता हूँ कि आसाम में प्रतिमास 1000 पाकिस्तानी बाक़ायदा प्रवेश कर रहे हैं और हमारी सरकार उनको रोकने के लिए सर्वथा असमर्थ है। यह देश के लिए एक बहुत विषम समस्या है।

इसके अतिरिक्त इलाहाबाद हाईकोर्ट के 51 वकीलों ने एक प्रतिवेदन दिया है और उस प्रतिवेदन में उन्होंने कहा है कि मजलिसे मुशावरात और जमायत इस्लामी के एक नुमायन्दे के उत्तर प्रदेश में चुनाव जीतने के बाद उस का इलाहाबाद हाईकोर्ट के सामने जलूस निकाला गया और उसमें पाकिस्तान जिंदाबाद के नारे लगाये गये। मजलिसे मुशावरत और जमायत इस्लामी ने उत्तरप्रदेश को बांटने की भी तैयारियां की हैं और जिला बिजनौर के 32 लाख मुसलमानों के लिए नये पाकिस्तान के निर्माण करने की उन्होंने मांग की है।

काश्मीर की स्थिति बड़ी भयंकर है। काश्मीर में आज से दो साल पहले पांच अगस्त सन् 1967 को एक हिन्दू लड़की का अपहरण किया गया। उस अपहरण की गई लड़की का नाम परमेश्वरी हण्डू था। 42 बार अदालत में उस केस की पेशी हुई लेकिन एक बार भी उस लड़की को अदालत के सामने पेश नहीं किया गया जिसके कि बारे में केस था। यह सादिक सरकार की एक ख़ास चीज है जोकि मैं सदन के सामने रखना चाहता हूँ। इस बारे में पंडितों के व्यापक आन्दोलन की कोई सुनवाई नहीं की गई। वहां पर कोशिश की गई कि काश्मीर में सादिक सरकार की जो साम्प्रदायिक नीति है उस का विश्लेषण किया जाय और प्रधान मंत्री जी ने कोहली कमीशन के नाम से इसके लिए एक कमीशन का निर्माण किया। उस कोहली कमीशन ने अपनी रिपोर्ट दे दी है। 285 गवाहियां उसके सामने हुई हैं। मेरी भी एक गवाही हुई है। मैं आज कहना चाहता हूं कि उस कमीशन की रिपोर्ट को सरकार ने अब तक सदन में नहीं रक्खी हैं। उसे सरकार क्यों दबा रही है। मैं चाहूंगा कि कोहली कमीशन की रिपोर्ट सदन की टेबुल पर रक्खी जाय। जिस दिन यहां उस आयोग की रिपोर्ट आयेगी उस दिन पता चलेगा कि सादिक सरकार किस प्रकार साम्प्रदायिक नीति

बरत रही है और काश्मीर की घाटी में किस प्रकार से भेदभाव किया जाता है ।

हालत यह है कि जम्मू के अन्दर राशन कम दिया जाता है जबकि श्रीनगर में राशन अधिक दिया जाता है । जम्मू में राशन की क़ीमत ज्यादा है जबकि श्रीनगर में उसी राशन की क़ीमत कम है । आखिर यह भेदभाव की नीति क्यों बर्ती जा रही है और सरकार उस भेदभाव की नीति को क्यों नहीं दूर करती ?

इसी तरह हम देखते हैं कि कांग्रेस सरकार की एक तरफा नीति के कारण इस सदन में हिन्दू कोड बिल स्वीकार किया गया । कुछ सदस्यों ने जब सरकार से पूछा कि कोई इंडियन पेनैल कोड या हिन्दुस्तानी कोड बिल क्यों नहीं बनाया जाता तो सरकार की ओर से यह जवाब दिया गया कि मुसलमानों के धर्म में हमको हस्तक्षेप करने का अधिकार नहीं है । अब अगर मुसलमानों के धर्म में आप को हस्तक्षेप करने का अधिकार नहीं है तो इस तरह से हिन्दुओं के धर्म में हस्तक्षेप करने का अधिकार आप को कहां से मिला है ?

चंडीगढ़ में महिला सम्मेलन के नाम से वहां पर मुसलमान देवियों ने बहु-विवाह की प्रथा को हटाने के लिए प्रस्ताव किया है । उन्होंने बहुपत्नीवाद का घोर विरोध करते हुए यह मांग की है यह प्रथा हटाई जानी चाहिए । हमारे भूतपूर्व विदेश मंत्री श्री चागला ने भी मुसलमान महिलाओं को इसके लिए प्रेरणा दी है कि वह पाकिस्तान, टर्की और अरब देशों से प्रेरणा लेते हुए बहुपत्नीवाद का अंत करायें और इसे कानूनी जुर्म करवायें । वह इस बुरी प्रथा को हटाने के लिए देश में आन्दोलन करें और उसके पक्ष में जनमत बनायें । देश में एक प्रकार की व्यवहार संहिता बनाई जानी चाहिए । हिन्दू कोड बिल के स्थान पर इंडियन पैनेल कोड या हिन्दुस्तानी कोड बिल बनाया जाय और मुसलमानों में जो चार-चार विवाह करने की खुली छूट दी गई है उसे समाप्त किया जाय ।

श्री ओंकारलाल बोहरा (चित्तौड़गढ़) : सभापति महोदय, महामहिम राष्ट्रपति ने संसद के दोनों सदनों की संयुक्त बैठक में जो अपना अभिभाषण दिया और जिन भावनाओं और विचारों का उसमें उन्होंने उल्लेख किया है उसका स्वागत करते हुए मैं आपके सामने बहुत संक्षेप में अपना विचार रखना चाहता हूं ।

देश ने आजादी के बाद काफ़ी प्रगति की है । शिक्षा का प्रसार व विस्तार हुआ है । काफी तादाद में नई, नई सड़कें बनी हैं और उत्पादन भी बढ़ा है लेकिन यह सोच करके कि बहुत कुछ हो गया है हम संतुष्ट होकर बैठ नहीं सकते हैं ।

राष्ट्रपति के अभिभाषण में जिस आशावाद का उल्लेख है और जिन भावनाओं की उसमें उन्होंने चर्चा की है उनका स्वागत करते हुए मैं कहना चाहता हूं कि हमने 20 वर्षों में वह प्रगति नहीं की है जिसकी कि अपेक्षा थी ।

यहां पर नौ दिन चले अढ़ाई कोस वाली कहावत ही चरितार्थ होती है । मैं कहना चाहता हूं कि जिस तेजी से जापान ने, जिस तेजी से जर्मनी ने, रूस ने और चीन ने अपने देश के अन्दर प्रगति की है और उत्पादन को बढ़ाया है, अपने देश के कल-कारखाने बढ़ाये, शिक्षा की व्यवस्था की, अपेक्षाकृत उतनी प्रगति हमारे यहां नहीं हुई है ।

मैं निवेदन करना चाहता हूं कि हम केवल अच्छी घोषणाओं और अच्छी बातों पर ही निर्भर नहीं रह सकेंगे । हमें निश्चित रूप से देश का एक चित्र सामने रखना है अगर हम इस देश में समाजवादी व्यवस्था चाहते हैं, इस देश के गरीबों, पीड़ित आदमियों को और इस देश के नीचे गिरे हुए लोगों को एक नये जीवन का संदेश देना चाहते हैं । आज उनके सामने कोई तस्वीर होनी चाहिए जिसमें कि वे भी आगे बढ़ें । इस दृष्टि से जितनी प्रगति होनी चाहिए थी उतनी नहीं हुई । अभी हमारे देश में बेकारी है, अशिक्षा है ।

[श्री ओंकार लाल बोहरा]

हमारे भूतपूर्व प्रधान मंत्री, हमारे महान प्रधान मंत्री पंडित नेहरू ने एक नारा रखा था कि आराम हराम है, और हमारे देश के नौजवानों ने टेकनिकल क्षेत्र और सभी क्षेत्रों में बढ़ कर काम किया। लेकिन जब आज हजारों शिक्षित व्यक्ति, इंजीनिअर्स और टेकनीशियन्स अपना सर्टिफिकेट लेकर दरवाजे-दरवाजे जा कर घूमते हैं तो रोना आता हैं, दुःख और पीड़ा होती है। हमारे महान नेता ने जिस देश की तरुणाई को, देश की नई पीढ़ी को उद्बोधन दिया, आज उन्हीं को काम देने के लिए हम कुछ नहीं कर पाये हैं। जिन नवयुवकों को प्रेरणा देने की पंडित जी ने बहुत कोशिश की, आज उन्हीं युवकों और शिक्षित लोगों को देश का नव निर्माण करने का मौका नहीं मिल रहा है। यही कारण है कि जितनी प्रगति होनी चाहिये थी उतनी हो नहीं रही है।

हम इस बूढ़े और बीमार देश को बूढ़े हाथों द्वारा कभी आगे नहीं ले जा सकते हैं। जब तक हमारे देश की समस्यायें जवान हैं, जब तक वह समस्यायें जवानों के हाथों में नहीं आयेंगी, तब तक देश आगे नहीं बढ़ सकता। इस लिए हम केवल इस बात की चर्चा न करें कि हमने प्रगति की है। यह भी देखें कि हमने कितनी प्रगति की है और किस दिशा में की है। यदि हम इसको देखेंगे तो पायेंगे कि हमने बहुत प्रगति नहीं की है।

मैं देख रहा हूं कि चौथे आम चुनाव के बाद देश में कुछ परिवर्तन आया है। इस देश के अन्दर राजनीतिक अस्थिरता आई है। मैं आपके सामने निवेदन करना चाहता हूं कि यह राजनीतिक अस्थिरता हमारी नीतियों का परिणाम है। हम लोग देश की गरीबी को खत्म नहीं कर पाये हैं और न समाजवादी व्यवस्था ही ला पाये हैं। आज लोग साम्प्रदायिक झगड़े या जाति-पाँति के झगड़े पैदा कर रहे हैं, आज जो अनेक प्रकार के क्षेत्रीय असंतुलन के झगड़े पैदा किए गये हैं या पैदा किये जा रहे हैं, उनका सहारा लेकर, जाति का सहारा लेकर, किसी क्षेत्र का सहारा लेकर, लोग अपना नेतृत्व स्थापित करने का प्रयत्न कर रहे हैं। इस सन्दर्भ में मैं आपका ध्यान दिलाना चाहता हूं कि पश्चिम बंगाल के अन्दर एक परिवर्तन आया है। पश्चिम बंगाल की जनता ने जो अपना मत दिया है उसका स्वागत करते हुए भी मैं एक बात की चर्चा करना चाहता हूँ कि हमारे देश में गरीबी रह सकती है, हमारे देश में बेकारी रह सकती है, लेकिन हम अपने देश को स्वतंत्र, अखण्ड और सुरक्षित देखना चाहते हैं। इसलिए मैं उन भाईयों से कहना चाहता हूं, जो यह मानते हैं कि एक महान् देश है, यह पूरा देश एक है, जिसकी परम्परायें बड़ी अच्छी रही हैं, कि सदियों के बाद हम स्वतंत्र हुए हैं। हमको निश्चित रूप से इस बात का ख्याल रखना होगा कि हमारे किसी कार्य से हमारे देश को नुकसान न हो, हमारे राष्ट्र पर आंच न आये, हमारी सुरक्षा पर आंच न आये। हम देश के अन्दर समाजवाद लायें, लेकिन इस कास्ट पर नहीं कि दूसरे के गिरवी बन जायें।

